इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN IN NEPHROLOGY
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 44 | अंक - 317 | राजनांदगांव, मंगलवार 07 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# बिहार में छठ के बाद दो चरणों में मतदान: 6 और 11 नवंबर को वोटिंग, 14 को नतीजे

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। दो चरणों में चुनाव होंगे। 6 नवंबर को पहला चरण और 11 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान होगा। चुनाव परिणामों की घोषणा 14 नवंबर को होगी। पहले चरण की अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी होगी। 17 अक्टूबर तक नामांकन होंगे। 18 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 20 अक्टूबर नामांकन वापसी की तारीख रखी गई है। पहले चरण के लिए वोटिंग 6 नवंबर को होगी।

वहीं दूसरे चरण की अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी होगी। 20 अक्टूबर तक नामांकन होंगे। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 23 अक्टूबर नामांकन वापसी की तारीख रखी गई है। दूसरे चरण के लिए वोटिंग 11 नवंबर को होगी। पहले चरण में 121 सीटों और फिर दूसरे चरण में 122 सीटों पर वोटिंग होगी।

इस बार राज्य में कुल 7.43 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें लगभग 14 लाख नए मतदाता शामिल हैं, जो पहली बार वोट डालेंगे।




### बिहार में नई व्यवस्था के तहत होंगे चुनाव

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि निर्वाचन आयोग बिहार के आगामी विधानसभा चुनावों में 17 नई पहल लागू करने जा रहा है। इनमें से कुछ पहल मतदान प्रक्रिया से पहले, कुछ उसके दौरान और कुछ प्रक्रिया खत्म होने के बाद से संबंधित हैं। कुमार ने कहा, पहली बार 100 फीसदी मतदान केंद्रों पर वेबकास्ट की सुविधा लागू की जा रही है। 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव 22 नवंबर को कार्यकाल पूरा होने से पूर्व कराए जाएंगे। दो दिन तक बिहार में चुनाव तैयारियों की समीक्षा के बाद पटना में सीईसी ने कहा, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने 22 वर्षों के बाद बिहार की मतदाता सूची को शुद्ध किया है। राज्य विधानसभा चुनावों के लिए कई नई पहल की जा रही हैं और आने वाले समय में इन्हें पूरे देश में दोहराया जाएगा। मतदाता सूची का शुद्धीकरण पूरे देश में किया जाएगा। कुमार ने कहा, इन 17 पहलों में नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) शामिल है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मतदाता के रूप में पंजीकरण के 15 दिनों के भीतर पहचान पत्र मिल जाए। सभी मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन जमा करने की सुविधा मिलेगी। कुमार ने एसआईआर के फैसले का बचाव करते हुए कहा, एसआईआर कराना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कानूनी और अनिवार्य दोनों है। अब भी जुड़वा सकते हैं नाम- सीईसी ने यह भी कहा कि अगर किसी को एसआईआर के जरिये मतदाताओं के नाम जोड़ने या हटाने को लेकर कोई शिकायत है, तो वे जिला मजिस्ट्रेट के पास अपील कर सकते हैं। नामांकन से 10 दिन पूर्व तक नाम हटाए या जोड़े जा सकते हैं।

### वोटिंग से 4 दिन पहले मतदाताओं को वोटर पर्ची दी जाएगी- सीईओ

बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव को दो चरणों में कराए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई पर वकील ने की जूता फेंकने की कोशिश, चिल्ला कर कहा- सनातन का नहीं चलेगा अपमान

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई पर जूता फेंकने की कोशिश की गई। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी पेशे से वकील है। आरोपी शख्स का नाम राकेश किशोर है। जूता फेंकने की कोशिश से पहले वकील ने चिल्लाते हुए कहा, सनातन का अपमान नहीं चलेगा।



### ऐसी घटनाओं से नहीं पड़ता फर्क- बीआर गवई

इस दौरान जस्टिस गवई पूरी तरह शांत रहे। वकील राकेश किशोर को कोर्ट स्टाफ ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद जस्टिस गवई ने कहा कि उन्हें इस तरह की घटनाओं से कोई फर्क नहीं पड़ता है। आप लोग अपनी दलीलें जारी रखें।

### आरोपी वकील से हो रही पूछताछ

सुप्रीम कोर्ट में नई दिल्ली जिले के DCP देवेश माहला के साथ सुप्रीम कोर्ट सिक्योरिटी के DCP जितेंद्र मनी भी मौजूद हैं। आरोपी वकील से पूछताछ की जा रही है।

### सीनियर वकील कर रहे इस घटना की निंदा

सीजेआई पर हमले की कोशिश की कड़ी निंदा की जा रही है। आरोपी वकील के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग उठ रही है। सीनियर वकील इंदिरा जैसिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, इस मामले की विस्तृत जांच की आवश्यक है। आरोपी वकील के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। यह भारत के सर्वोच्च न्यायालय पर एक स्पष्ट जातिवादी हमला प्रतीत होता है। सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीशों द्वारा एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस द्वारा इसकी निंदा की जानी चाहिए कि न्यायालय वैचारिक हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। न्यायालय की गरिमा के अनुरूप, सीजेआई गवई ने बिना किसी स्पष्ट व्यवधान के न्यायिक कार्य किया है।

### शांत रहे सीजेआई, जारी रखी कोर्ट की सुनवाई

सीनियर वकील अनीस तनवीर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज कोर्ट में उस समय थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी मच गई, जब एक वकील ने मुख्य न्यायाधीश पर हमला करने की कोशिश की। बाहर निकाले जाने के दौरान, वकील ने कहा, सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। इस दौरान सीजेआई गवई शांत रहे और कोर्ट की सुनवाई जारी रखी। बता दें कि 16 सितंबर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी ने चीफ जस्टिस बीआर गवई से की बात

चीफ जस्टिस पर हमले की कोशिश के बाद



प्रधानमंत्री मोदी ने बीआर गवई से बात की है. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैंने भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई से बात की. आज सुप्रीम कोर्ट परिसर में उन पर हुआ हमला हर भारतीय को क्रोधित कर गया है. हमारे समाज में ऐसे निंदनीय कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है. यह बेहद शर्मनाक है. पीएम मोदी ने कहा- मैं न्यायमूर्ति गवई द्वारा ऐसी स्थिति में दिखाई गई शांति और संयम की सराहना करता हूं. यह न्याय के मूल्यों और हमारे संविधान की भावना को मजबूत करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

## यह हमला संविधान पर हमले जैसा-सोनिया गांधी

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर सुप्रीम



कोर्ट के अंदर हुए हमले की विपक्षी दलों ने आलोचना की है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर हमला सिर्फ उन पर ही नहीं, बल्कि संविधान पर भी हमला है। सोनिया गांधी ने एक बयान में कहा, सर्वोच्च न्यायालय में भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश पर हुए हमले की निंदा करने के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है। यह न केवल उन पर, बल्कि हमारे संविधान पर भी हमला है। मुख्य न्यायाधीश गवई बहुत दयालु रहे हैं, लेकिन पूरे देश को गहरी पीड़ा और आक्रोश के साथ उनके साथ एकजुटता से खड़ा होना चाहिए।

# सीएम विष्णुदेव साय ने राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति से की मुलाकात, छत्तीसगढ़ आने का दिया न्यौता



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सोमवार को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू को छत्तीसगढ़ आने के लिये आमंत्रित किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री साय को छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राज्य के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और प्रदेश की निरंतर प्रगति और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मू को अवगत कराया कि वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। रजत जयंती वर्ष के विशेष अवसर पर राज्य सरकार के किए जा रहे विकास कार्यों, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन से भी की मुलाकात

मुख्यमंत्री साय ने दिल्ली प्रवास के दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। उन्होंने उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन को छत्तीसगढ़ राज्य (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सुब्रत साहू को रेवेन्यु बोर्ड के चेयरमैन बनाने की कवायद

### टीपी वर्मा हो रहे चालू माह में रिटायर्ड

### मुख्य सचिव के समकक्ष का पद है रेवेंयु बोर्ड का चैयरमैन

रायपुर। प्रदेश में मुख्य सचिव के रूप में विकासशील को पदस्थ करने के पश्चात अब रेवेन्यु बोर्ड ने एसीएस सुब्रत साहू को बतौर चैयरमैन नियुक्त करने की कवायद जारी है। बताया जाता है कि टोपलाल वर्मा इस महीने रिटायर्ड हो रहे है। इसके पश्चात मुख्य सचिव के समकक्ष सुब्रत साहू को रेवेन्यु बोर्ड का चेयरमैन बना दिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार राज्य में एसीएस के स्तर के श्रीमती रेणु पिल्ले एवं सुब्रत साहू को अब मंत्रालय से बाहर पदस्थ किये जाने की कवायद जारी हो गई है। दोनों मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी है। इसलिए इन दोनों को सम्मानपूर्वक स्थान सौंपा जाएगा। रेणु पिल्ले को माध्यमिक शिक्षा मंडल और व्यापक का चेयरमैन बनाया गया है। रेणु पिल्ले अपने विभाग में नियमानुसार कार्य कर रही है। राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एसीएस सुब्रत साहू को रेवेंयु बोर्ड का नया चेयरमैन बनाया जाएगा। वर्तमान चेयरमैन पीपी वर्मा 10 अक्टूबर रिटायर्ड हो रहे हे। इसलिए उन्हें 31 अक्टूबर को अवकाश प्रदान कर दिया जाएगा। राजस्व विभाग के आदेश की पुष्टि करते हुए अधिकृत करते हुए बताया कि वर्मा के रिटाडर होने के बाद सुब्रत साहू अपना पदभार संभालेंगे। वर्तमान में सुब्रत साहू एडिशनल चीफ सेक्रेटरी है। वे मुख्य सचिव से सीनियर भी है कायदे से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जलपाईगुड़ी में बीजेपी नेताओं पर हमला: सांसद खगेन मुर्मू गंभीर रूप से घायल, सिलीगुड़ी विधायक भी जख्मी

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के नागरकाटा इलाके में आज यानि सोमवार को उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब बाढ़ राहत सामग्री बांटने पहुंचे बीजेपी नेताओं पर अचानक हमला हो गया। इस दौरान मालदा नॉर्थ से सांसद खगेन मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर पर पत्थर लगने से उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना तब हुई जब बीजेपी का एक प्रतिनिधिमंडल बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांट रहा था। अचानक कुछ लोगों ने पथराव शुरू कर दिया, जिससे वहां भगदड़ मच गई। इस हमले में सिलीगुड़ी के विधायक डॉ. शंकर घोष भी घायल हो गए हैं।

### पुलिस जांच में जुटी

पुलिस ने बताया कि हमले के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है। बीजेपी ने आरोप लगाया है कि यह हमला सत्तारूढ़ ञ्ञस्ट्ट की शह पर हुआ, जबकि टीएमसी ने सभी आरोपों से इनकार किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राहत वितरण के दौरान किसी बात पर विवाद हुआ, जिसके बाद स्थिति बेकाबू हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। राज्य में पहले से जारी राजनीतिक हिंसा के बीच यह घटना एक बार फिर सियासत को गर्मा गई है। बता दें कि अगले साल 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

# छत्तीसगढ़ की नदियों के नाम पर होगा नौसेना के नए पोतों का नामकरण, प्रदेश में जल्द होगी सेना भर्ती रैली

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर मुलाकात की। बैठक में बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार, रक्षा क्षेत्र के विकास, पूरे प्रदेश में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन एवं नौसैनिक पोतों के नामकरण जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।



बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य की सांस्कृतिक पहचान और गौरवशाली परंपराओं का जिक्र करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की नदियां- इंद्रावती, महानदी केवल जलस्रोत नहीं, बल्कि प्रदेश की आत्मा हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि रक्षा मंत्रालय जब भी नए नौसैनिक पोतों या जहाजों को लॉन्च करें, तो उनमें से कुछ का नाम छत्तीसगढ़ की नदियों और क्षेत्रों के नाम पर रखे जाएं। जैसे- आईएनएस इंद्रावती, आईएनएस महानदी या आईएनएस बस्तर। यह न केवल प्रतीकात्मक रूप से सुंदर होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरव बढ़ेगा। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह विचार भारत की विविधता और एकता को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय इस पहल पर गंभीरता से विचार करेगा और उपयुक्त अवसर पर इसे लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सेना में भर्ती होने के प्रति युवाओं में विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं में अनुशासन, शारीरिक क्षमता और देशभक्ति की भावना है। इस आधार पर उन्होंने रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि पूरे प्रदेश में विशेष सेना भर्ती रैलियां आयोजित कराई जायें। जिससे युवाओं को अपने ही प्रदेश में देश सेवा का अवसर मिल सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अमरेश मिश्रा, शुक्ला, गर्ग और दीपक झा फर्स्ट पुलिस कमिश्नर बनने की दौड़ में

**एसपी-कलेक्टर कांफ्रेंस के पश्चात जारी होगी आईपीएस की सूची**

**ओडिशा की तर्ज पर पुलिस कमिश्नर प्रणाली को बनाये जाने की अनुशंसा**

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पुलिस कमिश्नर सिस्टम को लेकर आशंकाओं का दौर शुरू हो गया है। सरकार द्वारा इसे अगले महीने से लागू किये जाने की औपचारिकता की जा रही है। लेकिन अब इस सिस्टम को खड़ा करने के लिए राज्य सरकार का पसीना छूट रहा है। वहीं फस्ट पुलिस कमिश्नर बनने के लिए सीटिंग आईजी अमरेश मिश्रा संजीव शुक्ला, रामगोपाल गर्ग और दीपक झा के लिए कवायद शुरू हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के ओडिशा राज्य में यह सिस्टम लागू किया गया है। इसके लिए ओडिशा सरकार को विधानसभा में संशोधन लाना पड़ा था लेकिन छग में भी अब इस सिस्टम को लागू करने के लिए एडीजीपी प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है जिसमें पुलिस कमिश्नर बनाने की प्रणाली को लागू करने की सिफारिश की है। इस पद पर आईजी स्तर के अधिकारी को ही बैठाना पड़ेगा। जिसमें सबसे सीनियर पी सुंदरराज है। नक्सलियों को सफाये के लिए उन्हें याद किया जाता है वर्तमान में वे केंद्रीय गृहमंत्री एवं राज्य शासन के लोकप्रिय अधिकारी है। छग में कमिश्नर प्रणाालीी लागू होने की संभावना को देखते हुए अब आईजी स्तर के अमरेश मिश्रा, बिलासपुर आईजी संजीव शुक्ला, दुर्ग आई रामगोपाल गर्ग, सरगुजा आई दीपक झा का नाम चर्चा में है। ये तीनों अधिकारी साफ सुथरी छबि वाले है। दीपक झा सात जिलों के एसपी रहे है। वर्तमान में राज्य शासन को ही इन चारों में से किसी एक को नियुक्त करना पड़ेगा। छग में पुलिस कमिश्नर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# शराब घोटाला मामला: चैतन्य बघेल 13 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में, 8 अक्टूबर को होगी जमानत याचिका पर सुनवाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में गिरफ्तार किए गए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद सोमवार को एसीबी-ईओडब्ल्यू की विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 13 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। इससे पहले आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) ने चैतन्य बघेल को 13 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। रिमांड समाप्त होने के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। चैतन्य बघेल की ओर से कोर्ट में जमानत याचिका भी दाखिल की गई है, जिस पर 8 अक्टूबर को सुनवाई निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान उनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी अदालत पहुंचे और बेटे से मुलाकात की। उन्होंने अपने बेटे और कानूनी टीम से मामले की जानकारी ली। बचाव पक्ष के वकील फैज़ल रिज़वी ने बताया कि चैतन्य बघेल को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है और अब अगली सुनवाई में बेल पर फैसला होगा। ईडी की जांच में 16.70 करोड़ रुपये की अवैध कमाई का खुलासा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चैतन्य बघेल को 18 जुलाई को उनके जन्मदिन पर भिलाई स्थित आवास से मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत गिरफ्तार किया था। यह मामला एसीबी/ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर आगे बढ़ाया गया, जिसमें आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराएं भी शामिल हैं। ईडी की जांच में यह सामने आया है कि चैतन्य बघेल को शराब घोटाले से करीब 16.70 करोड़ रुपये की नकद राशि प्राप्त हुई। आरोप है कि इस रकम का इस्तेमाल (शेष पृष्ठ 6 पर...)



NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

# छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला: 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को खांसी की सिरप देना पूर्णतः प्रतिबंधित

रायपुर। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार की खांसी की सिरप या सर्दी-जुकाम की दवाएं नहीं दी जानी चाहिए। साथ ही यह दवाएं सामान्यतः पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए भी अनुशंसित नहीं हैं। यह कदम शिशुओं को संभावित दुष्प्रभावों से बचाने और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

एडवाइजरी जारी होते ही छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएमएचओ) तथा सिविल सर्जनों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। सभी शासकीय और निजी स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि भारत सरकार की इस गाइडलाइन का सख्ती से पालन सुनिश्चित



करें। साथ ही आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इस संबंध में एक उच्चस्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित कर सभी जिलास्तरीय विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि खांसी या सर्दी की दवाओं का उपयोग केवल चिकित्सकीय परामर्श पर आधारित होना चाहिए तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। विशेषज्ञों के अनुसार अधिकांश मामलों में बच्चों में खांसी-जुकाम जैसी सामान्य बीमारियां अपने आप ठीक हो जाती हैं और इसके लिए दवा देना आवश्यक नहीं होता। इसलिए आम जनता को भी डॉक्टर की सलाह के बिना बच्चों को दवाएं न देने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### कड़ी निगरानी में है औषधि आपूर्ति प्रणाली

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन (सीजीएमएससी) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिन दो कंपनियों के विरुद्ध अन्य राज्यों में कार्रवाई की गई है, उनकी राज्य में किसी भी प्रकार की सरकारी आपूर्ति नहीं रही है। ये कंपनियां सीजीएमएससी के डेटाबेस में पंजीकृत भी नहीं हैं। यह तथ्य राज्य में सरकारी स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला की पारदर्शिता और सतर्कता की पुष्टि करता है। भारत सरकार के स्वास्थ्य सचिव द्वारा 5 अक्टूबर को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस के पश्चात छत्तीसगढ़ में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने भी निगरानी और कार्रवाई को तेज कर दिया है। राज्यभर में औषध निर्माण इकाइयों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### अग्रसेन भवन में आज शरद पूर्णिमा महोत्सव, रास गरबा का होगा आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। अग्रवाल समाज द्वारा 7 अक्टूबर मंगलवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया ने बताया कि क्वांर महिने की पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपनी संपूर्ण कलाओं के साथ धरती के सबसे निकट होता है। ऐसी मान्यता है कि शरद पूर्णिमा के चांद की शीतलता स्वास्थ्यवर्धक होती है। इससे अमृत बरसता है ।इस अवसर पर अग्रसेन भवन में रात्रि आठ बजे से हरि सत्संग मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही रास गरबा का आयोजन होगा। उन्होंने सभी अग्र परिवारों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

### संदीप रत्नाकर बने विधायक प्रतिनिधि



डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के लिए किया नियुक्त

जोंधरा (दावा)। कांग्रेस संगठन में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभा रहे संदीप रत्नाकर को डोंगरगांव विधानसभा के विधायक डलेश्वर साहू ने अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्री रत्नाकर को डोंगरगांव विधानसभा में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति के साथ श्री रत्नाकर बतौर प्रतिनिधि स्कूल के शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। उनकी नियुक्ति पर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संध्या साहू, वीरेंद्र बोरकर, अखिलेश नखत, प्रियंक जैन, निशा नखत, दीपक देवांगन, संजय संचेती, पुष्पा देवी यदु, वैशाली बोरकर, आरती कोरे, गीता भोसले, विभा चौबे, महेंद्र वैष्णव, अनिल, प्रदीप रत्नाकर, अर्पित ठाकुर और अब्दुल करीम सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

### छत्तीसगढ़ी भाषा-संस्कृति की समृद्धि सबकी जिम्मेदारी-उपमुख्यमंत्री साव



रंगकर्मी विजय मिश्रा 'हमर चिन्हारी' से अलंकृत

रायपुर (दावा)। हमर चिन्हारी साहित्य समिति और सोच विचार मीडिया के मंच पर छत्तीसगढ़ी पत्रिका हमर चिन्हारी का विमोचन एवं वेबसाइट का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने विमतारा भवन में किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ी भाषा संस्कृति की समृद्धि- संरक्षण की जिम्मेदारी समस्त प्रदेशवासियों की है। कला संस्कृति के उत्थान-संरक्षण के पुनीत कार्यों में सम्बद्ध रामेश्वर शर्मा, विजय मिश्रा 'अमित' भोजराज धनगर, चंद्रशेखर चकोर, ईश्वर साहू, बेणीराम वर्मा, संतोष सोनकर, विक्की लोहाना को हमर चिंहारी अलंकरण से विभूषित किया गया। इसी क्रम में राम रेखाप्रभा जोशी बहनों के दल ने लुप्तप्राय नाचा की प्रस्तुति दी। दीक्षा-दीपिका धनगर, गौरव राय ने सुमधुर गायकी से जनमन को मोहित किया। कार्यक्रम के अतिथि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, विधायक मोतीलाल साहू, बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, हमर चिन्हारी के संरक्षक भाजपा प्रवक्ता अमित चिमनानी ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपराओं कलाओं को प्रदेश की पहचान और गौरव बताया। हमर चिन्हारी समिति की अध्यक्ष मीना रानी दुबे, संरक्षक रचना शर्मा, रिचा ठाकुर, ममता सोनी, अभिषेक बघेल, ऋषभ जैन, राजेंद्र पारख ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सुप्रसिद्ध कवि रामेश्वर वैष्णव, मीर अली मीर, पद्मलोचन शर्मा, किशोर तिवारी एवं सुमन शर्मा बाजपेई की कविता पाठ से श्रोतागण विविध साहित्य रस में डूबे रहे।

### नंदकुमार श्रीवास्तव का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय किला पारा, दिग्विजय कालेज रोड, राजनांदगांव निवासी, कायस्थ समाज राजनांदगांव के वरिष्ठ संरक्षक नंद कुमार श्रीवास्तव का आज 6 अक्टुबर सोमवार को शाम 5:30 बजे निधन हो गया है। 82 वर्षीय नंदकुमार श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ खाद्य विभाग में खाद्य निरीक्षक का दायित्व निर्वहन करते हुए सेवानिवृत्त हुए थे, नंद कुमार श्रीवास्तव अपने पीछे दो पुत्र डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव , डॉ. सौरभ श्रीवास्तव एवं एक पुत्री सहित नाती-पोते पोतियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, उनकी अंतिम यात्रा आज 07/10/25 मंगलवार को चंद्रा कालोनी स्थित निवास स्थान से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। श्री श्रीवास्तव का निधन कायस्थ समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति हैं, कायस्थ समाज, राजनांदगांव की ओर से नंदकुमार श्रीवास्तव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

# दीपावली त्यौहार सिर पर, निगम कर्मचारियों का हाथ खाली

## त्यौहारी खरीदी व तैयारी के लिए ताक रहे दूसरों का मुंह, निगम प्रशासन को दीपावली त्यौहार के पूर्व सौंपा मांग पत्र

राजनांदगाँव (दावा)। हिंदूओं का सबसे बड़ा त्योहार दीपावली सामने है, लेकिन निगम कर्मचारियों का हाथ खाली पड़ा हुआ है। निगम कर्मचारियों का कहना है कि सबसे बड़ा त्योहार दीपावली सिर पर है। लेकिन वेतन नहीं मिलने के कारण न तो हम दीपावली की कोई खरीदी कर पा रहे हैं और न घर-मकान की साफ-सफाई रंगाई-पुताई करवा पा रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि दीपावली पर्व का एडवांस व बोनस तो दूर सितंबर माह की तनख्वाह तक नहीं मिली है। ऐसी स्थिति में खाली हाथ इतने बड़े त्योहार की क्या तैयारी कर पाएंगे। आर्थिक अभाव के चलते उन्हें हाथ पर हाथ धरकर बैठे रह जाना पड़ रहा है।

बताते चलें कि एक जानकारी के अनुसार कर्मचारियों की तनख्वाह लगभग 2 करोड़ 80 लाख रुपए है। लेकिन निगम खुद के संसाधनों से कर्मचारियों के वेतन की व्यवस्था कर पाने में असहाय महसूस कर रहा है। इधर राजस्व की वसूली भी कमजोर बनी हुई है। ऐसी स्थिति में निगम को शासन का मुंह ताकना पड़ रहा है। सामने दीपावली का सबसे बड़ा और खर्चीला त्योहार है और निगम के कर्मचारियों को पिछले महीने की तनख्वाह नहीं मिली है। इससे कर्मचारियों में खासी नाराजगी देखी जा रही है।




### कर्मचारियों द्वारा महापौर व आयुक्त को लिखा मांग पत्र

नगरीय निकाय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद सिन्हा व श्रीमती बबीता विनोद कुलदीप प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य सफाई कर्मचारी आंदोलन छ.ग. ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि उक्त संबंध में महापौर और आयुक्त को मांग पत्र सौंपा गया है, जिसमें कहा गया है कि अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में धनतेरस (दिपावली) त्यौहार पड़ रहा है, उक्त त्यौहार में खर्चे के रूप में लिपाई-पोताई, रंग-रोगन, नए-नए कपड़े, फटाके, लिये गये उधार का लेन-देन आदि प्रकार के अनेकों खर्चों का सामना करना आर्थिक रूप से अधिक भार वाला त्यौहार है। समस्त निगम के नियमित दैनिक वेतन भोगी, ठेका श्रमिकों को भी धनतेरस (दिपावली) त्यौहार के पूर्व माह सितम्बर और अक्टूबर 2025 का बकाया वेतन तथा एडवांस के रूप में नियमित कर्मचारियों को 15000 रुपए (पन्द्रह हजार रूपया), दैनिक वेतन भोगी/ प्लेसमेंट कर्मचारियों को 10,000/- (दस हजार रूपयें) वेतन के साथ जोड़कर दिनांक-15 अक्टूबर के पूर्व धनतेरस (दिपावली) के पहले भुगतान करने की मांग की गई है और साथ ही नगर पालिक राजनांदगाँव में सेवानिवृत्त हुए एवं मृतक कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को भी समस्त प्रकार के अर्जित अवकाश, नगदीकरण, जी.पी.एफ./सी.पी.एफ. बकाया देय राशि का भुगतान 15 अक्टूबर के पूर्व धनतेरस (दिपावली) के पहले भुगतान करने की मांग की गई है।

# योग वेदांत के साधक सम्मेलन में राष्ट्र, देश व संस्कृति की रक्षा का लिया संकल्प

### मोहारा में आयोजित कार्यक्रम में उमड़ी हजारों लोगों की भीड़, सेवा-साधना पर हुई वृहद चर्चा



राजनांदगांव (दावा)। शहर के मोहारा स्थित संत श्री आशारामजी बापू आश्रम में विशाल श्री योग वेदांत सेवा समिति साधक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सेवा-साधना जैसे विषयों पर चर्चा कर राष्ट्र, देश व संस्कृति की रक्षा का संकल्प लिया गया।

श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टी.के. चंद्राकर ने बताया कि उक्त आयोजन में रायपुर आश्रम से आई अनिता बहन के साथ समिति के पदाधिकारियों ने सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन कर सम्मेलन की शुरुआत की। इस अवसर पर अनिता बहन ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए आश्रम द्वारा संचालित सेवाकार्य की जानकारी, महत्ता व जीवन में सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साधक का कर्तव्य है कि देश, समाज व संस्कृति के कार्यो तथा गरीब असहाय लोगों की मदद व सेवा में तत्पर रहना चाहिए। साधक सम्मेलन में राजनांदगांव जोन से संजय भाई, बालोद से पवन भाई, कवर्धा से कृष्णा भाई, बेमेतरा से अनूप भाई तथा दुर्ग-भिलाई से आए मोहन भाई ने सम्मेलन में आए साधकों को बाल संस्कार सेवा का महत्व, जप-ध्यान-साधना, सत्साहित्य का महत्व, युवाओं को ओजस्वी-तेजस्वी बनाने की कुंजी आदि के विषयों पर मार्गदर्शन किया। इस आयोजन में राजनांदगांव जोन के अंतर्गत आने वाली नौ समितियां के पदाधिकारीगण साधक सैकड़ों की संख्या में उपस्थित हुए।

### सेवा कार्यों के बारे में दी गई विस्तार से जानकारी

राजनांदगांव जोन प्रमुख रोहित चंद्राकर व संजय साहू ने पूज्य बापूजी की आज्ञा से समितियों के द्वारा किये जाने वाले सेवाकार्य के बारे में विस्तार से समझाया तथा आगामी सेवाकार्यो की जानकारी दी गई तत्पश्चात सभी समिति प्रमुखों ने अपने-अपने क्षेत्र में हो रहे सेवाकार्य का विवरण दिया तथा आगामी सेवाकार्य को अच्छे तरह से अपने क्षेत्र में करने हेतु संकल्प लिया गया। इस सत्संग कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिले की समस्त समिति प्रमुख में जैसे खैरागढ़ से नोहर जंघेल, गंडई से जीवन साहू, दिलीप साहू, डोंगरगढ़ से नम्मू साहू, राजू भाई, घनाराम साहू, भगवती वर्मा, डोंगरगांव से अश्वनी निषाद, दिनु राम, छुरिया से रामाधीन साहू, कोमल सिंह गुरु, चौकी से कमलेश गिरी गोस्वामी, मोहला-मानपुर से गोपाल यादव, मार्गे जी,बाजार अतरिया से सीमा साहू तथा जिले भर के सभी बाल संस्कार, युवा सेवा संघ, महिला मंडल के सेवाधारियों का विशेष सहयोग रहा।

# गोकुलधाम सोसायटी में मुंह बाए खड़ी पानी, सफाई और लाइट की समस्या

राजनांदगांव (दावा)। शहर के गोकुल नगर स्थित गोकुलधाम सोसाश्टी के रहवासी इन दिनों बिजली पानी व साफ-सफाई की मूलभूत समस्यायों से जूझ रहे हैं। वार्ड नं. 45 के अंतर्गत आने वाले इस सोसायटी में अब तक न तो पाइप लाईन बिछ पाया है और न प्रकाश व्यवस्था की समुचित सुविधा दी गई है और न साफ-सफाई की व्यवस्था है। इससे यहां निवासरत वार्डवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



सोसायटी में व्याप्त समस्याओं से मुंह चुरा रहा पार्षद, परेशान वार्ड वासी निगम में बोलेंगे धावा

बताया जाता है कि सोसायटी में व्याप्त उक्त समस्याओं के संबंध में स्थानीय पार्षद से भी मौखिक एवं लिखित शिकायत की गई है, लेकिन पार्षद द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने आज तक उन समस्याओं का निराकरण नहीं हो पाया है। जिसके चलते बारिश के दिनों लोगों को विभिन्न परेशानियों कि सामना करना पड़ रहा है। सोसायटी निवासियों का कहना है कि पार्षद न कभी अपने इस वार्ड की ओर झांकने आता है और न समस्याओं के संबंध में सजग दिखाई देता है। केवल आश्वासन के सहारे लोगों को भरमाए रखा है। इससे लोगों में पार्षद के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पेयजल समस्या विद्यमान है। अमृत मिशन के तहत जो पाइप लाईन डाली जा रही थी, उसे भी बीच में बंदकर दिया गया है। उनका आरोप है कि यहां न तो सफाई होती है और ना ही स्ट्रीट लाइटे जलती है। सड़कें गंदे पानी से सराबोर हैं। शाम होते ही गंदगी से मच्छरों का प्रकोप आसानी से देखा जा सकता है। जिसके चलते लोग बीमार हो रहे हैं। सड़कों पर पानी भरे रहने से राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि इस संबंध में लोगों ने पार्षद से लेकर नगर निगम और कलेक्टर तक शिकायत की है, लेकिन अब तक न तो सोसायटी में व्याप्त समस्याओं का निराकरण हो पाया है और न पार्षद से लेकर निगम आयुक्त व कलेक्टर तक इस ओर ध्यान देने की जरूरत महसूस की गई है। उपरोक्त अनदेखी से परेशान वार्डवासी अब निगम में धावा बोलने की तैयारी कर ली है।

# जिला स्तरीय आमंत्रण कुश्ती में सुनील निषाद बना चैम्पियन



नंदई चौक में कुश्ती के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, विजेताओं को मिला नगद पुरस्कार

राजनांदगांव (दावा)। सतनाम धर्मशाला नंदई चौक में 5 अक्टूबर को जिला स्तरीय आमंत्रण कुश्ती का आयोजन संपन्न हुआ। आयोजन समिति में बाली अखाड़ा नंदई, बाली अखाड़ा बांसपाई पारा व एक्सपर्ट जिम के संयुक्त मार्गदर्शन में आयोजि की गई। आयोजन समिति अध्यक्ष खिलेश बंजारे, उपाध्यक्ष संदीप सोनी संयुक्त रूप से बताया कि कुश्ती कला के खेलप्रेमी दिव्यंगत उस्तादों की स्मृति में आयोजित इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव-दुर्ग-धमतरी के चुने हुए 24 खिलाड़ियों में कुश्ती लड़कर अपना दमखम दिखाकर कुश्ती के इस विलुप्त खेल विधा को जीवंत करने में अपना योगदान दिया। कुश्ती प्रतियोगिता का उदघाटन सर्वप्रथम अतिथि द्वारा श्री हनुमान की पूजा अर्चना कर किया गया। उदघाटन समारोह के अतिथि इरफान शेख (भाजपा शहर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, राजनांदगांव), राकेश ठाकुर (अधिवक्ता), तीरथ देशमुख (पुजारी शीतला माता मंदिर नंदई), अरूण साहू (पार्षद, वार्ड नं. 48), गितेश गुप्ता (समाजसेवी), संदीप सोनी (महामंत्री, दक्षिण शहर कांग्रेस कमेटी), श्रीमती प्रतिमा बंजारे (उपाध्यक्ष जिला सतनामी सेवा समिति), श्रीमती रेखा कुर्रे समाजसेवी, अभिमन्यु मिश्रा (जुगल किशोर सोनकर) आदि के गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में सेवाराम यदु मोतीपुर, राधेलाल ढीमर बांसपाई पारा, छन्नू लाल सिन्हा मोतीपुर, रामगोपाल यादव दुर्ग आदि ने कुश्ती में निर्णायकों की भूमिका में योगदान दिया। सिनियर वर्ग में दुर्ग के सुनील निषाद ने लगातार तीन कुश्ती मारकर चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर सतेन्द्र दुर्ग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजनांदगांव के अजेन्द्र कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। यश कुमार, टकेश्वर, विक्रम सिंह, अकाश, लक्की यादव आदि का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जूनियर वर्ग में यश कुमार सिन्हा, यश कुमार बोरकर, अनुज बंजारे, गीतेश बंजारे ने भी अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में पंजीयन निःशुल्क रखा गया था। विजेताओं खिलाड़ियों को 31000 रूपए के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह, डॉ. रोहन सोनकर द्वारा स्व. लखनराम सोनकर, स्व. श्रीमती सुकली बाई सोनकर की स्मृति में चैम्पियन ट्राफी प्रदान की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन गोपेन्द्र बंजारे ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लखन सोनकर, उत्तम चंदेल, दीपक शर्मा, धुव देशमुख, राज खरे, गीतेश बंजारे, हार्दिक कपूर, अनुज, लक्ष्य, आलोक, एकता बंजारे, भूमि सिंह, देवानंद गेण्ड्रे, राज सोनकर, विरेन्द्र कौशिक, उत्तम ठाकुर आदि ने विशेष योगदान दिया।

# दीपावली के लिए फटाका दुकानों का अस्थाई भूखण्ड आबंटन 10 अक्टूबर को

अंतिम तिथि को ही लॉटरी से होगा भूखण्ड आबंटन; शुल्क जमा करना अनिवार्य

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली में फटाका दुकान लगाया जाना है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा लायसेंसी फटाका व्यवसायियों से अस्थाई भूखण्ड शुल्क जमा करने 10 अक्टूबर तक तिथि निर्धारित किया गया है। शुल्क जमा उपरांत लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखण्ड आबंटन की कार्यवाही की जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुये निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि इस वर्ष फटाका दुकान सर्वेश्वर दास उच्चतर माध्यमिक शाला के मैदान में लगाये जाने प्रक्रिया की जा रही है। प्रक्रिया के तहत नगर निगम द्वारा फटाका दुकान के लिए लायसेंसी फटाका व्यवसायियों से 10 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 1 बजे तक वर्तमान नवीनीकृत लायसेंस वर्ष 2025-26 की स्व प्रमाणित प्रतिलिपि एवं छत्तीसगढ़ वस्तु व सेवाकर अधिनियम 2017 की धारा 24 (2) अंतर्गत साधारण टैक्स पेयर के तहत जीएसटी पंजीयन की प्रति के साथ आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के लिए आवेदन शुल्क एवं अस्थायी भूखण्ड आबंटन शुल्क राशि रूपये 4620 (चार हजार छः सौ बीस रूपये मात्र) देकर आवेदन प्राप्त कर जमा किया जाएंगे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि इस वर्ष की प्रक्रिया के तहत नगर निगम द्वारा फटाका दुकान के लिए लायसेंसी फटाका व्यवसायियों से 10 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 1 बजे तक वर्तमान लायसेंस वर्ष 2025-26 के प्रति के साथ आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के लिए आवेदन शुल्क एवं अस्थाई भूखण्ड आबंटन शुल्क राशि रूपये 4620 निर्धारित तिथि 10 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 1 बजे तक आवेदन के साथ जमा करना होगा। आवेदनों के परीक्षण उपरांत दुकानों का अस्थाई भूखण्ड आबंटन नंबरिंग लाटरी के माध्यम से 10 अक्टूबर को दोपहर 4 बजे नगर निगम के सभागृह में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फटाका व्यवसायियों को 4620 रूपये का रसीद लेकर लाटरी में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।


**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग** कार्या. - 225059

**राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि राजनांदगांव वन मण्डल के चिरचारी काष्ठागार में उपलब्ध ईमारती/जलाऊ/बांस का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। ईच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेंवे। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार, चिरचारी से प्राप्त की जा सकती है।

चिरचारी काष्ठागार, नीलाम दिनांक :- 16.10.2025 समयः- 2.00 बजे दोपहर

काष्ठागार का नाम :- चिरचारी, वनमण्डल :- राजनांदगांव

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज | | पुराने वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती घ.मी. | बल्ली/डे.नग | ईमारती घ.मी. | बल्ली/डे.नग | ईमारती घ.मी. | बल्ली/डे.नग |
| 1 | सागौन | 72.008 | 715 | 330.229 | 8684 | 402.237 | 9399 |
| 2 | साल | 50.009 | 375 | 73.355 | 110 | 123.364 | 485 |
| 3 | बीजा | 111.762 | 3351 | 201.391 | - | 313.153 | 3351 |
| 4 | ह.मु.ख. | 4.670 | 1 | 3.864 | - | 8.534 | 1 |
| 5 | धावड़ा | 256.285 | 3557 | 24.924 | 588 | 281.209 | 4145 |
| 6 | कसही | 9.861 | 13 | 28.632 | 4 | 38.493 | 17 |
| 7 | तिन्सा | 1.562 | 7 | 5.002 | 75 | 6.564 | 82 |
| 8 | सलिहा मोदे | 32.610 | 8 | | - | 32.610 | 8 |
| 9 | कर्रा | 8.385 | 184 | 4.583 | - | 12.968 | 184 |
| 10 | अन्य | 27.011 | 311 | 23.726 | 164 | 402.237 | 9399 |
| | योग | 574.163 | 8522 | 695.706 | 9625 | 1269.869 | 18147 |
| | 1.चिरचारी डिपो का मिश्रित जलाऊ 57 चट्टा नया | | | | | | |
| | 2.चिरचारी डिपो का मिश्रित जलाऊ 79 चट्टा पुराना | | | | | | |

(1) क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉर्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लाट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉर्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है।
(4) ई- ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

जी- 252603947/2

वनमण्डलाधिकारी
राजनांदगांव वनमण्डल राजनांदगांव











**सूचना**

घुमका एजेंसी बदली दैनिक दावा समाचार पत्र की प्रतियाँ
''साहेब बंदगी न्यूज एजेंसी''
अधिकृत प्रतिनिधि - लोचन प्रसाद निर्मलकर
मोबाईल नंबर - 9630844364 से प्राप्त करें।
लेख-आलेख, समाचार, विज्ञापन संकलन हेतु सहयोग करें।

व्यवस्थापक
दैनिक 'दावा', बल्देव बाग, राजनांदगांव


**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-5-9
119-1 589-2
राजधानी
3-6-9
890-7 678-1

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# छत्तीसगढ़ में धान खरीदी 15 नवंबर से, 160 लाख मीट्रिक टन खरीदी की संभावना, प्रति क्विंटल 31 सौ का होगा भुगतान



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन सत्र 2024-25 के लिए 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो जाएगी। इस बार प्रदेश में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की संभावना जताई जा रही है। इसके लिए पहले कैबिनेट की बैठक में धान उपार्जन नीति को मंजूरी मिलेगी। वहीं एग्रीस्टेक, एकीकृत किसान पोर्टल पर किसानों का पंजीयन भी शुरू हो गया है। पंजीकृत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान खरीदी की जाएगी।

धान बेचने वाले किसानों को प्रति क्विंटल 31 सौ का भुगतान होगा। मामले में कृषि मंत्री रामविचार नेताम का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा- हमारी सरकार ने जो वादा किया उसे पूरा कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में नवंबर माह से धान खरीदी होगी। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी करेंगे। प्रदेश में लगातार बारिश हो रही है। इसके बाद भी धान खरीदी की शुरुआत नवंबर से करेंगे।

छत्तीसगढ़ सरकार की वर्ष 2025-26 के लिए नई धान उपार्जन नीति और कस्टम मिलिंग नीति बनकर तैयार है। बताया गया है कि नीति के प्रारूप को इसी महीने दीपावली के पहले होने वाली कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद यह नीति लागू होगी। खास बात ये है कि इस बार धान उपार्जन करने वाली सोसाइटियों और मिलिंग करने वाले मिलरों को सरकार कुछ राहत दे सकती है।

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, धान उपार्जन और कस्टम मिलिंग नीति को राज्य सरकार की मंत्रिमंडलीय उप समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है। समिति ने इसे अपने स्तर पर मंजूरी दे दी है, लेकिन दोनों नीतियों को लागू करने के लिए कैबिनेट की मंजूरी अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी की शुरुआत 1 नवंबर से संभावित है। इस बार धान बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन टोकन मिलेगा। यही नहीं, किसानों में छोटे और सीमांत किसानों का धान भी पहले खरीदा जाएगा।

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले पंजीकृत किसानों को इस सीजन में धान बेचने के लिए टोकन हासिल करने के लिए लंबी-लंबी कतारों में नहीं खड़ा होना पड़ेगा। इस बार किसानों को ऑनलाइन माध्यम से टोकन जारी किए जाएंगे। टोकन मिलने के बाद तय तारीख पर किसान आसानी से धान बेच पाएंगे। टोकन बांटने के लिए तुहर एप की व्यवस्था की गई है। यही नहीं, धान बेचने के लिए पहला अवसर छोटे और सीमांत किसानों को मिलेगा। इन किसानों में वे आते हैं, जिनके पास 2 एकड़ से लेकर 10 एकड़ तक जमीन है।

राज्य में धान खरीदी शुरू होने के साथ ही कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इस व्यवस्था में नियम ये है कि धान उठाने के लिए डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) जारी होने के बाद 10 दिनों के अंदर निर्धारित मात्रा में धान का परिवहन करना होता है। यह नहीं करने पर 11 वे दिन से मिलर पर पेनाल्टी लगनी शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार किसानों को डीओ कटने के बाद 15 दिन का समय धान परिवहन के लिए दिया जाएगा। इसके साथ ही मिलरों को मिलिंग के लिए 80 रुपए प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने वाली राज्य की 2 हजार 739 सोसाइटियों को सरकार बोनस देगी। यह राशि उन सोसाइटियों को मिलेगी जिनमें धान की सूखत शून्य प्रतिशत होगी। इस तरह की सोसाइटियों को पांच रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से अतिरिक्त राशि दी जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया



डोंगरगढ़ (दावा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 6 फरवरी 2026 को डोंगरगढ़ में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर के नेतृत्व में बौद्ध समाज के प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट की।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने किया राष्ट्र सेविका समिति के पथसंचलन का स्वागत





**विजयादशमी उत्सव पर पुष्प वर्षा कर बढ़ाया उत्साह**

राजनांदगांव (दावा)। विजयादशमी उत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्र सेविका समिति द्वारा नगर राजनांदगांव में आयोजित पथसंचलन का जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने भव्य स्वागत किया। मोर्चा के जिला महामंत्री राजेश बिसने के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पथसंचलन के दौरान पुष्प वर्षा कर समिति की सदस्यों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष शिव वर्मा, उपाध्यक्ष पवन निर्मलकर, जिला मंत्री तामेश्वर साहू, गप्पू सोनकर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी विजय कुमार सिन्हा, सतीश धीवर, नंदन सेन, भुनेश्वर देवांगन, जितेंद्र देवांगन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दीपावली के पूर्व वार्डों में विद्युत व्यवस्था दुरूस्तीकरण

**अब तक 27 वार्डों में 250 से अधिक नये एलईडी लाईट लगे**





राजनांदगांव (दावा)। वार्डो के कई क्षेत्रों में व्याप्त अंधेरा को ध्यान में रखकर अंधेरा एवं दुर्घटनाजन्य क्षेत्र जहॉ पर लाईट नहीं लगी थी। जिससे नागरिकों को रात में आने जाने के साथ साथ सुरक्षा की दृष्टि से भी परेशानी होती थी तथा विद्युत पोलों की बंद लाईटे नगर निगम द्वारा नई लाईट लगाने तथा बदलने की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही लाईटों का मरम्मत भी किया जा रहा है। इस प्रकार नगर निगम नागरिकों को उनकी सुरक्षा को दृष्टिगत रख दीपवली पर्व पर रोशनी का उपहार दे रही है। महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की पहल पर दीपावली के पूर्व वार्डो की खराब लाईटे एवं नगर निगम सीमाक्षेत्र के अंधेरा क्षेत्र जहां पर लाईट नहीं लगी थी। इसके अलावा दुर्घटनजन्य क्षेत्र जहां पर लाईट की आवश्यकता थी। वहां लाईट लगाने की कार्यवाही की जा रही है। अब तक 27 वार्डो में 250 से अधिक आवश्यकता अनुसार 45 एवं 60 वॉट के एलईडी लाईट लगायी गई है तथा शेष वार्डो में लगाने की कार्यवाही की जा रही है तथा खराब लाईटे मरम्मत भी की जा रही है। इस संबंध में महापौर एवं आयुक्त ने कहा कि शहर के वार्डो के विद्युत खंबों में वार्डवासियों के लिए आवश्यकता अनुसार लाईट लगाई जाती है। समय समय पर उसे मरम्मत भी किया जाता है। आगामी दीपावली त्योहार को देखते हुए वार्डो में एवं शहर के कुछ क्षेत्र जहां पर लाईट नहीं लगी थी। जिससे अंधेरा व्याप्त था। इनमें कई ऐसे क्षेत्र है, जो दुर्घटनाजन्य क्षेत्र है। जहां अंधेरा के कारण दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। जहां निगम के विद्युत विभाग की टीम द्वारा सर्वे कर चिन्हांकित किया गया और सर्वे अनुसार 27 वार्डो में 10-10 लाईट के हिसाब से 250 से अधिक लाईटे लगायी जा चुकी है एवं शेष वार्ड में लाईट लगायी जा रही है। जिससे दीपावली त्यौहार के पूर्व जिस क्षेत्र में अंधेरा व्याप्त है वहॉ रोशनी से जगमगा उठे।

महापौर मधुसूदन यादव की पहल पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा महापौर एवं पार्षद निधि की 25 प्रतिशत राशि से लाईट खरीदने की अनुमति मिल चुकी है। जिसके आधार पर पार्षदों की मांग अनुसार लाईट खरीदने की कार्यवाही की जा रही है। निधि से लाईट खरीदने अनुमति मिल जाने से वार्ड में अंधेरे से छुटकारा मिलेगा। इस दीपावली शहर के सभी क्षेत्रों में लाईट की पर्याप्त व्यवस्था हो इसकी तैयारी निगम द्वारा की जा रही है।

## सृष्टि कॉलोनी में अमित बजाज अध्यक्ष और अलका वासनिक बनी महिला मंडल अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। सृष्टि कॉलोनी में रविवार की शाम 7 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलोनी के विकास एवं अतिक्रमण जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में लगभग 60 से 70 लोगों की उपस्थिति रही, जिनमें पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल थे। बैठक में सर्वसम्मति से अमित बजाज को पुरुष वर्ग का अध्यक्ष एवं अलका वासनिक को महिला वर्ग का अध्यक्ष चुना गया। कॉलोनीवासियों ने दोनों को बधाई देते हुए उनसे कॉलोनी के हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

कार्यक्रम के दौरान वार्ड पार्षद डुरेंद्र साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कॉलोनी में हो रहे अतिक्रमण पर चर्चा करते हुए कहा कि मुख्य मार्ग पर बनाई गई बाऊंड्रीवॉल और पेड़ लगाकर किए गए कब्जों को जल्द ही हटाया जाएगा। साथ ही पार्षद ने बताया कि जिन लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है, उन्हें नोटिस प्राप्त हो चुकी है और निगम द्वारा शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पार्षद ने साफ-सफाई, सड़क लाइट व्यवस्था एवं गौ माता से संबंधित समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया। बैठक सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिसमें कॉलोनीवासियों ने पार्षद एवं नई समिति के साथ मिलकर सृष्टि कॉलोनी को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने का संकल्प लिया।

## शीला थीजन स्कूल राष्ट्रीय स्तर पर 'सर्वश्रेष्ठ अनुशासित विद्यालय पुरस्कार' से सम्मानित




राजनांदगांव (दावा)। शहर के ममता नगर स्थित शाला शीला थीसन मेमोरियल हाईस्कूल ने यूनाइटेड स्कूल्स ऑर्गनाइजेशन (यूएसओ) इंडिया द्वारा आंध्र प्रदेश के पुलिवेन्दुला में 26 से 29 सितंबर तक आयोजित 62वीं जनरल कॉन्फ्रेंस एवं अखिल भारतीय विद्यालय महोत्सव में भाग लेकर छत्तीसगढ़ राज्य एवं राजनांदगांव जिले का नाम रोशन किया। इस चार दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय के 10 छात्रों की सहभागिता रही। जिसमें मोहित जांघेल, प्रियांशु जुरेशिया, नम्रता सिन्हा, कुशल पटेल, युक्ति देवांगन, मोहम्मद अयान आलम, रीतिका कोडापे, ईशा साहू, आस्था देवांगन एवं हेतुल सिंह तथा शिक्षक में झमित कुमार साहू एवं शिक्षिकाओं में कु. निहारिका मिश्रा, श्रीमति एंजेलिना मार्टिन और कु. मीनाक्षी साहू का मुख्य योगदान रहा। छात्रों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया।

राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय को सर्वप्रथम 'सर्वश्रेष्ठ अनुशासित विद्यालय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय के छात्रों ने एकांकी नाटक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में कु. युक्ति देवांगन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि हिंदी भाषण प्रतियोगिता में कु. ईशा साहू ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय के इस उपलब्धि पर संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टरर्स श्रीमति प्रेमप्रभा राव, सचिव श्रीमान ई. सिद्ध, शाला के प्राचार्य वी.पी. राव एवं शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## रक्तदान शिविर में 31 रक्तवीरों ने किया महादान

**साहू ट्रक बॉड़ी पेंड्री में रक्तदाताओं को हेलमेट से किया सम्मानित**



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय साहू ट्रक बॉडी पेंड्री बाईपास रोड पर साहू समाज के जिला संगठन सचिव चंदन साहू के कुशल मार्गदर्शन में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस रक्तदान-महादान शिविर में कुल 31 रक्तवीरों ने रक्तदान कर जरूरतमंदों के लिए जीवन दान दिया। वहीं 51 लोगों ने अपने रक्त की जांच कराई।

आयोजन के संचालक चंदन साहू ने रक्तदाताओं को मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। आपके एक यूनिट रक्त से गरीब, निःसहारा एवं कमजोर व्यक्ति को नया जीवन मिलता है, जिससे हमें बड़ा ही सुकून मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि वह स्वयं मानव कल्याण व जनसेवा में सदैव अग्रणी रहते हैं। ज्ञात हो कि चंदन साहू के पिता कृष्णा साहू भी समाज में दानवीर भामाशाह सम्मान से कई बार सम्मानित हो चुके हैं। जिन्हें पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के हाथों भी कर्मा ज्योति समारोह में सम्मानित किया गया था।

### सफलता में योगदान

रक्तदान शिविर को सफल बनाने में बालाजी ब्लड सेंटर का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर उपस्थित सभी रक्तदाताओं को साहू समाज की तरफ से हेलमेट एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। शिविर को सफल बनाने में चंदन साहू, जितेंद्र साहू, डेनी साहू, नंदकुमार साहू, पंकज लहरे, दुर्गेश साहू, आशीष साहू, मनिन्द्र साहू, रूपेश साहू, जसविंदर सिंह भाटिया, गणेश साव एवं गैरेज की पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बंद पड़ा म्यूजियम शहर के केंद्र में होगा स्थानांतरित

**मुक्तिबोध स्मारक के समीप सृजन संवाद भवन में स्थापित करने पर महापौर ने दी सहमति**

राजनांदगांव (दावा)। जनमानस की लंबे समय से चली आ रही मांग पर शहर के मध्य में स्थित कलेक्ट्रेट कंपाउंड, रजिस्ट्री ऑफिस के बाजू में स्थित बंद पड़े म्यूजियम (संग्रहालय) को मुक्ति बोध स्मारक के समीप सृजन संवाद भवन में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जनहित मोर्चा ने इस संबंध में सांसद संतोष पांडेय, विधायक डॉ. रमन सिंह और महापौर मधुसूदन यादव से पत्र व्यवहार कर मांग की थी। संगठन की मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए महापौर मधुसूदन यादव ने म्यूजियम को सृजन संवाद भवन में स्थापित करने हेतु सहमति प्रदान कर दी है। जनहित मोर्चा के सचिव ने एक प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन इस कार्य को निर्देशित/मार्गदर्शित कर शीघ्र पूरा करवाएगा। उन्होंने कहा कि शहर के केंद्र में स्थापित होने से आम जनता को इस महत्वपूर्ण संग्रहालय का दर्शन लाभ आसानी से मिल सकेगा और उनकी वर्षो पुरानी सोच पूरी होगी।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में विभिन्न एस एंड टी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**निविदा सूचना क्र.:** ST-MUP-EI-05LC-GSU-25 दिनांक: 23.09.2025

**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल में एस एंड टी से सम्बंधित कार्यों का निष्पादन - (a) नागपुर मंडल के RJN-RSM सेक्शन के मुढ़ीपार (MUP) स्टेशन पर PQRS साइडिंग के संबंध में EI संशोधन सहित CTR (P) कार्य। (b) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के नागपूर - गोंदिया सेक्शन के सम्बन्ध में इन्टरलॉक्ड समपार क्र. 514, समपार क्र. 517, समपार क्र. 557, समपार क्र. 563 के हटाए जाने हेतु मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली में संशोधन और अन्य संबद्ध कार्य। (c) नागपुर मंडल के TMR-TRDI लाइन पर मानवयुक्त एलसी क्र. TT-09, किमी 1060/13 को हटाए जाने के संबंध में उपयोगिता स्थानांतरण और एलसी गेट बंद करना।

**निविदा मूल्य:** ₹ 3,02,16,884/-

**बिड सिक्युरिटी:** ₹ 3,01,100/-

**समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने।

**निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दिनांक **15.10.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

AIM/27-137

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## नेशनल कॉनक्लेव में अमित खंडेलवाल ने किया छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व



**राजनांदगांव के व्यापारी ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान**

राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली में आयोजित VIA नेशनल कॉनक्लेव में लायंस क्लब के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। दिल्ली से लौटने के पश्चात श्री खंडेलवाल ने बताया कि देश की राजधानी के होटल ललित में आयोजित वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन (VIA) के इस भव्य कॉनक्लेव में देशभर के विभिन्न राज्यों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिनमें छत्तीसगढ़ से उनका प्रतिनिधित्व रहा।

उन्होंने बताया कि वैश्य व्यापारी समाज की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए VIA संस्था परोपकार, सेवा तथा समाज के कमजोर और निर्बल वर्ग के उत्थान हेतु निरंतर कार्यरत है। इस कॉनक्लेव में संवेदना, सहयोग, सशक्तिकरण और सामूहिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में देश के प्रमुख व्यापारिक और सामाजिक घरानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न राज्यों एवं जनपदों से आए वैश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु आधुनिक ठेले एवं सहायता राशि के रूप में चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख गणमान्यजन में शामिल थे। वैश्य महेश गुप्ता (केंट आरओ सिस्टम), वैश्य मनोहर लाल अग्रवाल (हल्दीराम ग्रुप), वैश्य नंद किशोर अग्रवाल (क्रिस्टल ग्रुप), वैश्य राजेश गुप्ता (मल्टी कलर स्टील्स ग्रुप), वैश्य सुरेश गर्ग (निराला इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड), वैश्य विनीत गुप्ता (लोहिया ग्रुप), वैश्य अजय सिंघल (ओम लॉजिस्टिक ग्रुप), वैश्य एस.एस. अग्रवाल (कॉन्टिनेंटल मिल्कोस इंडिया लिमिटेड), वैश्य सुनील गोयल (न्यूमैक्स बिल्डर्स), निर्मल गोयल (सागर कत्था फैक्ट्री), श्रीमती प्रियंका गुप्ता (महिला डायरेक्टर एवं संस्थापक), दीपक सिंघल (चीफ कोऑर्डिनेटर) इसके अलावा देशभर के अनेक उद्योगपति एवं समाजसेवी भी उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, छत्तीसगढ़, राजस्थान, असम, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, अंडमान-निकोबार, गुजरात और मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों से बड़े व्यापारी एवं समाजसेवियों ने भागीदारी की। सभी ने वैश्य इंटरनेशनल एसोसिएशन की कार्यशैली से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की एवं संस्था के सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

## बेवजह पति से अलग रह रही पत्नी गुजारा भत्ते की हकदार नहीं, हाईकोर्ट बोला- पति से अलग रहने के लिए पर्याप्त आधार होना जरूरी



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि अगर पत्नी बिना वजह अपने पति से अलग रह रही है, तो वो भरण-पोषण के लिए हकदार नहीं है। पति से अलग रहने के लिए पत्नी के पास पर्याप्त और ठोस आधार होना जरूरी है। हाईकोर्ट ने रायगढ़ की एक महिला की गुजारा भत्ता मांगने की मांग की अपील को खारिज कर दिया। फैमिली कोर्ट के फैसले को सही ठहराया है।

दरअसल रायगढ़ की महिला ने अपने पति से भरण पोषण की मांग करते हुए फैमिली कोर्ट में आवेदन दिया था। इसमें बताया कि उनकी शादी 21 जून 2009 में हुई थी। 26 फरवरी 2011 को उनके जुड़वां बेटे हुए। पत्नी का आरोप है कि पति और उसके परिजन दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। बाद में पति ने उसे मायके में छोड़ दिया। महिला ने आर्थिक संकट के चलते पति से भरण-पोषण दिलाने की मांग की। साथ ही कहा कि पति भिलाई में कपड़े का व्यवसाय करता है और हर माह करीब 70 हजार रुपए कमाई है। इस आधार पर पति उसे हर माह 20 हजार रुपए गुजारा भत्ता दे।

### पति ने कहा- झूठे केस में फंसाने की देती थी धमकी

दूसरी तरफ पति ने पत्नी के आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि पत्नी बिना किसी वजह के अलग रह रही है। उसे और उसके माता-पिता को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देती थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद रायगढ़ के फैमिली कोर्ट ने 27 सितंबर 2021 को महिला की अर्जी को यह कहते हुए खारिज कर दी थी। उसके पास अलग रहने का कोई उचित कारण नहीं है।

### पति पर घरेलू हिंसा का भी आरोप, कोर्ट से हो चुका बरी

महिला ने पति और उसके परिजनों पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। इस मामले में रायगढ़ के जेएमएफसी कोर्ट ने पति और उसके परिजनों को बरी कर दिया था। फैमिली कोर्ट के आदेश में इसका भी उल्लेख किया गया था। हालांकि महिला ने जेएमएफसी कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है, जो मामला अभी लंबित है।

### हाईकोर्ट ने कहा भरण-पोषण की हकदार नहीं

महिला की याचिका पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की सिंगल बेंच ने फैमिली कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि, सबूतों से यह स्पष्ट है कि महिला अपनी इच्छा से अलग रह रही है और जब तक वह अलग रहने का उचित कारण साबित नहीं करती, तब तक वह भरण-पोषण पाने की हकदार नहीं हो सकती।

# एशियाई शेरों के संरक्षण का जीवंत केंद्र लायन सफारी

विनीत नारायण

जहां एक तरफ़ औद्योगीकरण के नाम पर दो भर में अंधाधुंध जंगल काटे जा रहे हैं, वहीं ऐसे प्रयास बहुत सराहनीय हैं जो हरित क्षेत्र को बढ़ाने की दिशा में किए गए हैं। पिछले हफ्ते मैं पहली बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इटावा नगर के बाहर स्थित लायन सफारी' देखने गया। इत्तेफाक ही है कि दो महीने पहले ही मैंने अफीका के केन्या में स्थित मसाई मारा वन्य अभयारण्य' का दौरा किया था। करीब 1.5 लाख हेक्टेयर में फैला सवाना ग्रासलैंड' हजारों तरह के वन्य जीवों के मुक्त विचरण के कारण विप्रसिद्ध है। वहां मैंने एक खुली जीप में बैठ कर 3 मीटर दूर बैठे बब्बर शेर और शेरनियों को देखने का रोमांचकारी अनुभव हासिल किया। मुझे नहीं पता था कि उत्तर प्रदेश में भी एक विशाल सरकारी पार्क है, जहां बब्बर शेर और शेरनियां और तमाम दूसरे ङ्क्षहसक पशु खुलेआम विचरण करते हैं। शायद आपने भी कभी इटावा के लायन सफारी' का नाम नहीं सुना होगा। इटावा का यह लायन सफारी (जिसे अब इटावा सफारी पार्क के नाम से जाना जाता है) मसाई मारा के स्तर का तो नहीं है, पर इसकी अनेक विशेषताएं इसे मसाई मारा के अभयारण्य से ज्यादा आकषर्क बनाती हैं। जहां सवाना ग्रासलैंड में पेड़ों का नितांत अभाव है और पचासों मील तक सपाट मैदान है, वहीं इटावा का लायन सफारी बीहड़ क्षेत्र में बसा है।




इसमें सैकड़ों प्रजाति के बड़े-बड़े सघन वृक्ष लगे हैं। इसके चारों ओर चंबल नदी की घाटी की तरह मिट्टी के कच्चे पहाड़ हैं जिनके पास से यमुना नदी बहती है। यह न केवल एशिया के सबसे बड़े ड्राइव-थ्रू सफारी पार्कों में से एक है, बल्कि एशियाई शेरों के संरक्षण का जीवंत केंद्र भी है।

इटावा लायन सफारी की अवधारणा 2006 में ही प्रस्तावित हो चुकी थी, लेकिन इसका निर्माण 2012-13 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के दौरान शुरू हुआ। यह परियोजना उत्तर प्रदेश वन विभाग के सामाजिक वानिकी प्रभाग इटावा के तहत %फिशर फॉरेस्ट' क्षेत्र में विकसित की गई जो इटावा शहर से मात्र 5 किमी. दूर इटावा-ग्वालियर रोड पर स्थित है। फिशर फॉरेस्ट का अपना ऐतिहासिक महत्त्व है। 1884 में इटावा के तत्कालीन जिला प्रशासक जे.एफ. फिशर ने स्थानीय जमींदारों को मना कर इस क्षेत्र में वनरोपण की शुरुआत की थी, जो राज्य का सबसे पुराना वन क्षेत्र माना जाता है। यह निर्माण कार्य उप्र. वन विभाग की निगरानी में हुआ जिसे केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की मंजूरी मिली। परियोजना को स्पेनिश आर्किटेक्ट फ्रैंक बिडल ने डिजाइन किया।

यह सफारी पार्क कुल 350 हेक्टेयर में फैला हुआ है, जिसकी परिधि लगभग 8 किमी. लंबी है। इसमें शेर ब्रिडिंग सेंटर के लिए 2 हेक्टेयर क्षेत्र आरक्षित है, जहां 4 ब्रिडिंग सेल हैं। सफारी के विभिन्न जोन लायन सफारी, डियर सफारी, एंटीलोप सफारी, बियर सफारी और लेर्पड सफारी। इसका बड़ा हिस्सा आरक्षित वन क्षेत्र के रूप में विकसित किया गया है। यहां पंचवटी वृक्षों (बरगद, आंवला, अशोक, बेल और पीपल) की प्रजातियों से भरा हरित आवरण है। पूरा क्षेत्र 7800 मीटर लंबी बफर बॉर्डर वॉल से सुरक्षित है, जो वन्यजीवों को बाहरी खतरों से बचाता है। 2014 में गुजरात के चिड़ियाघरों से 8 शेरों को यहां लाया गया जिनमें से कुछ कुत्ते की बीमारी (कैनाइन डिस्टेंपर) से प्रभावित हुए लेकिन अमेरिका से आयातित वैक्सीन के बाद अब यहां 19 एशियाई शेर (7 नर और 12 मादा) हैं। पार्क में 247 प्रजातियों के पक्षी, 17 स्तनधारी प्रजातियां और 10 सरीसृप प्रजातियां भी हैं।

यह सफारी पार्क जनता के लिए 24 नवम्बर, 2019 से खुला। लायन सेगमेंट को अंतिम चरण में जोड़ा गया। आज यह उप्र का एकमात्र मल्टीपल सफारी पार्क है, जो एशियाई शेर जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शेर ब्रिडिंग सेंटर न केवल प्रजनन को बढ़ावा देता है, बल्कि आनुवंशिक विविधता को बनाए रखने में भी सहायक है। पर्यावरणीय दृष्टि से पार्क जलवायु परिवर्तन के दौर में जैव विविधता के संरक्षण का प्रतीक है। यहां आने वाले पर्यटक न केवल शेरों को उनके प्राकृतिक वातावरण में देख सकते हैं, बल्कि 4डी थिएटर के माध्यम से वन्यजीवों के करीब महसूस भी कर सकते हैं।

सवाल है कि इसका रखरखाव और विकास कैसे सुनिश्चित हो ताकि यह प्रमुख पर्यटन स्थल बने। पार्क की डिजिटल बुकिंग सिस्टम को मजबूत किया जाना, इको-फ्रेंडली आवास सुविधाएं बढ़ाना और स्थानीय समुदायों को रोजगार से जोडऩे की जरूरत है। सौर ऊर्जा के उपयोग, जो अभी कम है, को बढ़ाकर इसे ग्रीन टूरिज्म मॉडल बनाया जा सकता है। चंबल नदी के निकट होने से नेशनल चंबल सैंक्चुअरी के साथ इंटीग्रेटेड टूर पैकेज विकसित किए जाएं। इस पार्क का बजट आवंटन बढ़ाया जाए तो यह न केवल राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर भी चमकेगा। पर्यटक बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया कैंपेन और स्कूलों के लिए एजुकेशनल टूर्स आयोजित किए जाएं। गौरतलब है कि एशियाई शेर, जो गिर वन (गुजरात) तक सीमित हैं, भारत के प्रतीक हैं। यहां आकर हम अपनी जैव विविधता की जिम्मेदारी समझते हैं। बच्चे और युवा वन्यजीव संरक्षण के महत्त्व को सीख सकते हैं, जो आज के पर्यावरण संकट के समय में आवश्यक है। पर्यटन के चलते इटावा जैसे छोटे शहरों में रोजगार सृजन होता है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। आगरा (ताज महल) से मात्र 2 घंटे और लखनऊ से 3 घंटे की दूरी पर स्थित होने से यह एक्सेसिबल है। यह अनूठा अनुभव प्रदान करता है, अपनी कार से शेरों को नजदीक से देखना जो अजायब घर की कैद से अलग है, यह हमें प्रकृति से जोड़ता है। भारतीयों को यहां आकर गर्व महसूस करना चाहिए कि हमारा देश ऐसे प्रयास कर रहा है, जो वैश्विक स्तर पर वन्यजीव संरक्षण में योगदान दे रहा है।

इटावा लायन सफारी केवल पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि संरक्षण, शिक्षा और सतत विकास का प्रतीक है। सरकार, वन विभाग और नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से इसे और समृद्ध बनाया जाए। हर भारतीय को कम से कम एक बार यहां आना चाहिए प्रकृति की पुकार सुनने के लिए, अपनी जड़ों से जुडऩे के लिए।

## अनमोल दावा

> "तनाव से केवल समस्याएं ही जन्म लेती हैं, समाधान खोजना है तो मुस्कराना भी पड़ेगा।

## नए बाजारों तक पहुंच बनाता भारत, मुक्त व्यापार समझौते टैरिफ की चुनौतियों से निपटने में कारगर

सरकारी निकायों द्वारा गैर शुल्क बाधाओं संबंधी समाधान के लिए उपयुक्त मार्गदर्शन देना होगा। इसके साथ-साथ एफटीए के तहत निर्यात बढ़ाने के लिए उत्पादन की गुणवत्ता सुधारने और कारोबार की सुगमता के लिए भी अधिक प्रयास करने होंगे। उम्मीद करें कि ट्रंप टैरिफ की चुनौतियों के बीच एफटीए भारत के निर्यात और निवेश के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

इस समय भारत तेजी से नए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए), नए व्यापार गठबंधनों और नए निर्यात बाजारों में कदम बढ़ाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। इस कड़ी में बीते एक अक्टूबर से भारत और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नार्वे और लिस्टेंस्टिन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के बीच एफटीए लागू हो गया है। इस व्यापार समझौते पर पिछले साल हस्ताक्षर किए गए थे, लेकिन प्रक्रिया संबंधी औपचारिकताओं के कारण यह समझौता अब लागू हुआ है।

वस्तुतः मुक्त व्यापार समझौता दो या दो से अधिक देशों के बीच एक ऐसी व्यवस्था है, जहां वे साझेदार देशों से व्यापार की जाने वाली वस्तुओं पर सीमा शुल्क को खत्म कर देते हैं या कम करने पर सहमत होते हैं। एफ्टा देशों के साथ यह समझौता भारत द्वारा अलग-अलग देशों और क्षेत्रीय समूह के साथ किया गया 14वां व्यापार समझौता है। यह मोदी सरकार के समय किया गया पांचवां व्यापार समझौता है। इससे पहले भारत ने मारीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), आस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ एफटीए किए हैं।

भारत और एफ्टा देशों के बीच लागू हुआ यह व्यापार समझौता यूरोप के एक महत्वपूर्ण आर्थिक ब्लाक के साथ भारत के विदेश व्यापार को नई दिशा देगा। इस समझौते के तहत भारत ने एफ्टा देशों की 80-85 प्रतिशत वस्तुओं पर शुल्क शून्य किया है। इसके बदले में भारत को 99 प्रतिशत वस्तुओं पर शुल्क-मुक्त बाजार तक पहुंच मिलेगी। जहां कृषि, डेरी, सोया एवं कोयला सेक्टर को इस व्यापार समझौते से दूर रखा गया है, वहीं उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) स्कीम से जुड़े सेक्टर के लिए भी भारतीय बाजार को नहीं खोला गया है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि ग्रीन एवं विंड एनर्जी, फार्मा, फूड प्रोसेसिंग, केमिकल्स के साथ उच्च गुणवत्ता वाली मशीनरी के क्षेत्र में एफ्टा देश भारत में निवेश करेंगे, जिससे इन सेक्टरों में हमारा आयात कम होगा और भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद भी मिलेगी। भारत के हिसाब से इस व्यापार समझौते का सबसे बड़ा लाभ एफ्टा देशों से मिली निवेश प्रतिबद्धता है। अब यह समझौता लागू होने के बाद आगामी 10 वर्षों के भीतर एफ्टा देशों से भारत में 50 अरब डालर का निवेश और अगले पांच वर्षों में अतिरिक्त 50 अरब डालर निवेश की उम्मीद है।

इससे 15 वर्षों में भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष नौकरियों के सृजन की आस है। बहरहाल भारत ने ऐसा पहला समझौता किया है, जिसमें बाजार तक पहुंच निवेश से जुड़ी हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में एफ्टा देशों को भारत ने 1.97 अरब डालर मूल्य का वस्तु निर्यात किया और 22.44 अरब डालर का आयात किया। इन देशों में स्विट्जरलैंड भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। यद्यपि अभी एफ्टा के साथ भारत व्यापार घाटे की स्थिति में है, लेकिन अब नए व्यापार समझौते से एफ्टा देशों के साथ भारत के विदेश व्यापार का परिदृश्य भारत के लिए अनुकूल होने की संभावना है।

खासतौर से इस समझौते से डिजिटल व्यापार, बैंकिंग, वित्तीय सेवा, फार्मा, टेक्सटाइल जैसे सेक्टरों में इन चार देशों के बाजार में भारत की पहुंच आसान होगी। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों के लिए यूरोप के बड़े बाजार में पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि हाल में भारत और ब्रिटेन के बीच भी एफटीए हुआ है। भारत और ओमान के बीच एफटीए पर बातचीत पूरी हो चुकी है और शीघ्र ही इस पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। इतना ही नहीं, इस वर्ष के अंत तक यूरोपीय यूनियन के साथ भी एफटीए लागू होने की पूरी संभावना है। बयह भी महत्वपूर्ण है कि अमेरिका द्वारा 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत ने रूस और चीन के साथ आर्थिक-वैश्विक कूटनीति और नए निर्यात बाजारों में आगे बढ़ने की जो रणनीति अपनाई, वह कारगर दिखाई दे रही है। इस नीति से ट्रंप टैरिफ के बीच पिछले अगस्त और सितंबर माह में अमेरिका को छोड़कर अन्य देशों में भारत के निर्यात बढ़े हैं। कल तक भारत को डेड इकोनमी बताने वाले ट्रंप ने अब अपना तेवर बदलते हुए भारत के साथ व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने के संकेत दिए हैं। यह भारत की आर्थिक-कूटनीतिक जीत है। अब अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का अनुकूल परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। इससे संभावना जताई जा रही है कि भारत पर रूसी तेल खरीद पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को अमेरिका वापस ले सकता है।

अमेरिका के अलावा भारत कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इजरायल, गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी व्यापार समझौता करने जा रहा है। भारत को यह ध्यान रखना होगा कि एफटीए तभी लाभकारी होते हैं, जब वे सही तरीके से इस्तेमाल में लाए जाएं। इसके लिए सरकार को निर्यातकों और छोटे व्यवसायियों को नए बाजारों के लाभ से संबंधित पर्याप्त जानकारी देकर नए मौकों का फायदा उठाने के लिए जागरूक बनाना होगा।

## विचार सरिता

# हँसी के किस्से: कवि ने की चाय की फरमाइश और मोबाइल पर व्यस्त हैं उनकी पत्नी जी (भाग 1)



डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

मोबाइल की आभासी दुनिया ने सभी को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। अब शायद सामान्य ज्ञान की किताबों में इस प्रश्न का उत्तर बदल जाएगा। प्रश्नः- दुनिया में ऐसी क्या चीज है जो सबसे अधिक जरूरी है?

एक ने उत्तर दियाः- हवा।

दूसरे ने कहाः- पानी।

तीसरा बोलाः- भोजन।

चौथे ने समझायाः- नींद।

आज के समय का उत्तरः- मोबाइल।

प्रश्नः- मोबाइल क्यों?

उत्तरः- क्योंकि बाकी चीजों के बिना तो कुछ समय तक जीवित रहा जा सकता है, लेकिन मोबाइल के बिना तो एक क्षण भी नहीं।

वास्तव में मोबाइल फोन का प्रयोग इस तरह से चौबीसों घंटे पहले नहीं होता था और यह केवल फोन करने और फोन प्राप्त करने के लिए ही उपयोग में आता था लेकिन जब से इसमें अनेक फीचर जुड़ते गए और यह अपडेट होता गया, तब से इसने मानव के समय को भी अपने में समेट लिया है।

कवि कुमार संध्या की सैर के बाद आज जैसे ही घर में घुसे, उन्हें मोबाइल का प्रभाव घर के हर कोने में दिखाई दिया। दरवाजा खोलकर कवि के भीतर प्रवेश करने पर उनकी पत्नी रिमझिम में कोई विशेष प्रतिक्रिया नहीं हुई। बस एक बार उसने कवि की ओर देखा और फिर अपने मोबाइल में व्यस्त हो गई।

कमरे के भीतर जाकर कवि कुमार सीधे सोफे पर पसर गए। बगल में बैठी पत्नी ने अपने मोबाइल स्क्रीन पर नजरें जमाए हुए ही कहा,

'आज आने में बड़ी देर कर दी। कहां रुक गए थे?'

'कहीं नहीं, बस एक मित्र मिल गया था, उसके साथ बातचीत में देर हो गई।' कवि कुमार ने संक्षेप में उत्तर दिया।

'क्या एक कप चाय मिल सकती है?' कवि ने सहमते हुए पत्नी से पूछा।

पत्नी किसी सखी के साथ चैट में व्यस्त थी। अतः कवि को अपनी बात का उत्तर नहीं मिला। हारकर उन्होंने भी पत्नी से संवाद करने के लिए व्हाट्सएप चैट का सहारा लिया। उन्होंने बगल में बैठी पत्नी से व्हाट्सएप में लिखकर पूछा,

'पत्नी जी! क्या एक कप चाय मिल सकती है?'

पत्नी व्हाट्सएप पर ही थी। अतः कवि को तुरंत जवाब आ गया। जवाब थोड़ा अटपटा सा था,

'आप तो चाय स्वयं बनाकर पी लिया करते हैं। फिर यह नई डिमांड क्यों हो रही है?'

'बस आज थोड़ा मन किया,आपके हाथ की चाय पी लूँ।' कवि ने रोमांटिक होते हुए हृदय की इमोजी बनाते हुए उत्तर दिया।

(क्रमशः)

## कविता

### बेशर्मी का नेटवर्क

जहां न पहुंचे जियो, वोडा, आइडिया का नेटवर्क,
वहां भी पहुंचे बेशर्मी का नेटवर्क।
सच्चे को भी आ जाये शरम,
पर बेशर्मी का नेटवर्क 5 जी से भी भारी भरकम।
चंद्रयान को भी लगा ब्यालीस दिन,
पर बेशर्मी तो इतना तेज नहीं पाओगे गिन।
बेशर्मी की हदें तो तब पार हुई,
बेशर्म दिल तोड़कर बदनीयत से नज़र मिलाई।
तुम सोचते रहो नियत ईमान से,
बेशर्मी तो सब बेच खायें बेईमान से।
बेशर्मी की हद होती है, नापाक शिकस्त खाने पर भी,
हर बार हार को पीते हुए, चुनौती देते रहने पर भी।
कायर और धोखेबाज बना, आतंकी को शरण देता,
जहां बार-बार मार खाया हो, कैसे फिर वहाँ चरण देता।
इन बेशर्मो की बस्ती में,
कुछ बड़े ही इज़्ज़तदार बने,
हद कर दी है बेशर्मी की,
फिर भी है इनके नाम बड़े।
बेशर्मी का बोलबाला,
बेशर्मो का राज है,
इनका न कोई काम-काज,
पर रहते इनके ठाठ-बाट।
जहां न पहुंचे जियो, वोडा, आइडिया का नेटवर्क,
वहां भी पहुंचे बेशर्मी का नेटवर्क।



रामलाल साहू, प्रधान पाठक
प्राथमिक शाला, कट्टाहा नवागांव
खैरागढ़ (केसीजी)

## सामयिक चर्चा

### मददगार मुनीर

अखबार उठाकर,
बानी बोले - "सुनिए गजाधर!
आज एक मनोहारी खबर -
राष्ट्रीय सेवक संघ के
सरसंघ चालक डॉ. मोहन भागवत ने,
मध्यप्रदेश के सतना में,
बीटीआई ग्राउन्ड में आयोजित कार्यक्रम में,
इशारों ही इशारों में,
पाकिस्तन का जिक्र करते हुए कहा,
कि हमारे घर का एक कमरा
छुट गया है।
सचमुच गजाधर! उस कमरे के लिए
आज तक बहुतों के दिल में
प्रेम है, मया है।
इसीलिए डॉ. भागवत ने कहा कि
वक्त आएगा जब हमें वहॉ फिर से
डालना होगा अपना डेरा।
तो गजाधर! इस पर प्रश्न है मेरा
कि आप क्या कह रहे हैं?
गजाधर मुस्कराए, बोले- "बानी।
पाकिस्तान के फील्ड मार्शल
जनरल असीम मुनीर
खुद अपनी हरकतों से हमें,
उस कमरे में डेरा डालने के लिए,
हमारी मदद कर रहे हैं।"



गिरीश बख्शी

## कविता

### चांदनी की रात रजत-उजियार है

चांदनी की रात है, रजत-उजियार है
चहुं दिसि बरसे, सुधा है रस-धार है।
उजरी है चांदनी, दूधिया है ये रजनी
फूल महकावे हैं, कली मन-मोहिनी।
शीतल-मंद-सुगन्ध, त्रिविध बयार है
मंद-मंद झुमें सारे, तरु-फूल-डार है।
तारे टिमटिमाते हैं, करत जग-मग हैं
दिखते मनभावन है, नभ में उमंग है।
तारों की है लड़ियाँ, दीप जल जाते हैं
दिवाली की रात जस, मन को भाते हैं।
चमक-दमक धरा, अवनी व अम्बर है
रात की है रानी नव, रूप में मुखर है।
पूर्णिमा शरद ऋतु, याद तेरी आती है
चंदा के स्वरूप में,तू ही दिख जाती है।
मिलने की चाहत है, मुझको सताती है
सोलह कला चाँद में, तू ही आ जाती है।
तेरे बिन कैसे अब, उत्सव मैं मनाऊंगा
तेरे बिना लीला-रास, कैसे मैं रचाऊंगा।
तू पूनम की चन्द्रमा, तू है मेरी प्रियतमा
मैं हूँ बांवरा-मधुकर, तू है मेरी मधुरिमा।
तू चंदा-मनमोहिनी, मैं पंछी-चकोर हूँ
तू है मेरी राधे-रानी, मैं तेरा चितचोर हूँ।
तू ही है मेरी संगिनी, तू है मेरी सजनी
तू है मेरी मधुशाला, प्रीत-रस-तरुणी।



अशोक पटेल 'आशु'
तुस्मा
शिवरीनारायण(छ.ग.)
9827874578

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखें, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देने से आप सम्मान के पात्र बने रहेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं।

**वृष राशि** — आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें, जल्द ही भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय बच्चों के लिए निकालेंगे, बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर करेंगे। लवमेट एक-दूसरे पर विश्वास बनाए रखें, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी। छात्रों को थोड़ी और मेहनत की जरूरत है।

**मिथुन** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी बातों से किसी को प्रभावित कर देंगे। समाज में किये गए सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे, जिससे आपको गर्व होगा। शिक्षण संस्थान से जुड़े लोगों को ज्यादा लाभ होगा। स्टूडेंट अपने आप पर भरोसा बनाए रखें, जल्द ही सफलता मिलेगी।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका कोई काम जो काफी दिनों से रुका था, आज पूरा हो जाएगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। विद्यार्थियों द्वारा की गई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा। जल्दबाजी में कोई भी निर्णय न लें, इससे बना बनाया काम बिगड़ सकता है।

**सिंह** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। मानवहित में किये गये कार्यों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाकर आप बचत पर ध्यान देंगे। व्यवसायिक गतिविधियां मन मुताबिक चलेंगी। काम करने के तरीकों में बदलाव लाएंगे। आत्मविश्वास बनाए रखें। अवसर मिलने पर उसका फायदा उठाएं। काम पर ध्यान बनाए रखें।

**कन्या** — आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। सरकारी नौकरी करने वाले अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। किसी से बहस की स्थिति बन सकती है, ऐसे में मौन रहना बेहतर होगा। पब्लिक प्लेस पर छवि खराब न होने दें। लवमेट के रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को बड़ा मुनाफा होगा।

**तुला** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके काम करने के तरीकों से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। बातचीत के दौरान अपनी निजी बातें शेयर न करें। जिस काम की शुरुआत करेंगे, वह समय पर पूरा होगा। कोर्ट से संबंधित कोई मामला चल रहा है तो उसके सुलझने की पूरी उम्मीद है।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। मित्रों से मन की बात शेयर करने से सुकून मिलेगा। आपको नई जानकारियां भी हासिल होंगी। रिश्तेदार से शुभ संदेश मिलेगा, जिससे खुशी दोगुनी होगी। बिजनेस में खास एग्रीमेंट होगा, लेकिन कॉम्पटीशन के दौर में कार्य करने के तरीकों में बदलाव जरूरी है।

**धनु** — आज आपका दिन सामान्य रहेगा। निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। भावनाओं में आकर कोई फैसला न लें। ज्यादा काम के कारण थकान हो सकती है।छोटी-छोटी परेशानियां जल्द दूर होंगी। परिवार में सुखद माहौल रहेगा। व्यापार में मिली जिम्मेदारियों को सफलता से निभाएंगे।

**मकर** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। शाम का समय माता-पिता के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिससे अच्छा समाधान मिलेगा। किसी काम की शुरुआत करने से पहले शुभ मुहूर्त देखना बेहतर होगा। समाज में किये गए कार्यों से मान-सम्मान बढ़ेगा। कोई विश पूरी होगी जिससे खुशी मिलेगी।

**कुंभ** — आज का दिन परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी। काम को लेकर आपके सपने काफी हद तक पूरे होंगे। स्वयं को साबित करने के लिए बेहतर दिन है। परिवार में सामंजस्य से शांति का माहौल रहेगा। प्रकृति के बीच समय बिताने से फ्रेशनेस महसूस होगी।

**मीन** — आज का समय आपके लिए अच्छा है। पारिवारिक समस्या हल होगी और रुके काम में गति आएगी। सकारात्मक लोगों की सलाह फायदेमंद होगी। मेहनत का उचित फल जल्द मिलेगा। अफवाहों पर ध्यान न दें। ऑफिसियल यात्रा संभव है, जो शुभ होगी। जीवनसाथी के साथ डिनर प्लान करेंगे।

# गुण्डरदेही-उमरवाही मार्ग पर फंसा हाईवा : घंटों जाम से विद्यार्थी और शासकीय कर्मचारी परेशान

**(राजेश मेश्राम)**

जोंधरा (दावा)। गुण्डरदेही से उमरवाही मार्ग पर आज (सोमवार) सुबह करीब 10 बजे बदहाल सड़क के कारण एक हाईवा वाहन (क्रमांक सीजी08 एएक्स 7196) बुरी तरह फंस गया। यह घटना पीडब्ल्यूडी द्वारा नवीनीकरण के नाम पर सीमेंट का पोल डाले गए क्षतिग्रस्त पुलिया के पास हुई। जिसका मरम्मत कार्य विभाग द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है। पुलिया के दोनों तरफ गहरे गड्ढे बने हुए थे, जो बारिश के कारण और भी विकराल हो गए। डोंगरगांव से उमरवाही जा रही एबीस कंपनी की यह हाईवा गाड़ी इन गड्ढों में धंस गई। जिसके चलते मार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया।



### बदहाल सड़क और पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से बढ़ी मुसीबत, 10 किमी का फेरा लगाने को मजबूर हुए छात्र

### शिक्षक और विद्यार्थी हुए सर्वाधिक प्रभावित

हाईवा फंसने से मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। जिससे सबसे ज्यादा परेशानी गांव में पढ़ाने जाने वाले शिक्षकों और स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को हुई। कई विद्यार्थियों को अपनी शाला पहुंचने के लिए 5 किलोमीटर के बदले 15 किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा लगाकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ा, जिससे उनका समय और ऊर्जा दोनों बर्बाद हुए।

### बदहाल सड़क बनी राजनीतिक शिकार!

मार्ग की बदहाली पर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। वर्तमान में गुण्डरदेही-उमरवाही मार्ग पर कई स्थानों पर पानी नाले के रूप में बहता है, जिससे राहगीरों को भारी जोखिम उठाना पड़ता है, लेकिन पीडब्ल्यूडी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जानकारों का मानना है कि यह महत्वपूर्ण मार्ग राजनीति का शिकार हो चुका है। खुज्जी विधानसभा में वर्तमान में विधायक कांग्रेस से हैं, जबकि राज्य में सत्ता बीजेपी की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकार इस मार्ग को बनवाने में इसलिए रुचि नहीं दिखा रही है कि कहीं इसका श्रेय विपक्षी दल (कांग्रेस) को न मिल जाए। जनता ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में लोकतंत्र का अर्थ जनता की समस्याओं का समाधान करना होता है, न कि राजनीतिक श्रेय लेने के लिए समस्याओं को लटकाए रखना। लोगों ने तत्काल इस मार्ग की मरम्मत और आवागमन को सुचारू बनाने की मांग की है।

# इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय को विश्व का श्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाने की संकल्पना के साथ डॉ. रमन सिंह से मिली कुलपति

### पुरातत्व संरक्षण की दिशा में हो रहा नेक पहल

खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को विश्व का श्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाने की संकल्पना के साथ कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। इस दौरान कुलपति प्रो. डॉ.लवली शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से संगीत विश्वविद्यालय को विश्व का श्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को एशिया महाद्वीप के प्रथम कला को समर्पित विश्वविद्यालय होने का गौरव पहले से ही प्राप्त है। जिसे अब विश्व का अनूठा एवं श्रेष्ठ विश्वविद्यालय का रूप देना है। इसी दृष्टिकोण के साथ विश्वविद्यालय में गुरू-शिष्य परंपरा एवं बेहतर शिक्षण पद्धति को समायोजित कर व्यवस्थाओं को मजबूत करने के संबंध में चर्चा की गई। कुलपति के विचार को डॉ. रमन सिंह ने खूब सराहा और जल्द ही इस पर अमल करने का आश्वासन दिया।



### संगीत विश्वविद्यालय के अंदर प्राचीन बावड़ी का नाम संस्थापक सदस्य शारदा देवी के नाम किया

विश्वविद्यालय की संस्थापक सदस्य राजकुमारी शारदा देवी के नाम से प्राचीन बावड़ी का नामकरण किया गया है, जिसके संबंध में भी चर्चा की गई। कुलपति प्रो.(डॉ) लवली शर्मा के द्वारा पुरातत्व संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए। विश्वविद्यालय में स्थित प्राचीन बावड़ी का नामकरण राजकुमारी शारदा देवी के नाम पर किया गया।

### बावड़ी की नाम पट्टिका अनावरण हेतु कुलपति ने डॉ. रमन सिंह से कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया

बावड़ी की नाम पट्टीका अनावरण में शामिल होने सहर्ष स्वीकार करते हुए डॉ. रमन सिंह ने कहा कि वे 17 या 18 अक्टूबर को इंदिरा कला विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। जहां उनके कर कमलों से विश्वविद्यालय में स्थित प्राचीन बावड़ी की नाम पट्टिका का अनावरण किया जाएगा।

संगीत विश्वविद्यालय की जर्जर भवनों के जीर्णोद्धार के लिए विश्वविधालय प्रशासन के द्वारा 5 करोड की मांग की गई थी। उसे शीघ्र स्वीकृत कराने चर्चा की विश्वविद्यालय के जर्जर भवनों के जीर्णोद्धार हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शासन से 5 करोड़ रूपये की मांग की गई थी। जिस पर भी चर्चा करते हुए कुलपति प्रो (डॉ.) लवली शर्मा ने शीघ्र राशि प्रदान करने की बात कही। जिस पर सहमति व्यक्त करते हुए डॉ. रमन सिंह ने जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के विकास एवं शैक्षणिक-प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सुधार सहित विभिन्न विषयों को लेकर भी सार्थक चर्चा की गई।

## पहला कॉलम...

# रामलीला के मंच से अहिंसा के मार्ग पर चलने का उपदेश



घुमका (दावा)। ग्राम हरडुवा में रविवार को रामलीला का मंचन एवं दशहरा उत्सव मनाया गया। ग्राम के रोहित वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, जिला पंचायत सदस्य किरण बारले, जनपद सदस्य चंद्रेश वर्मा, ग्राम सरपंच गंगेश्वर वर्मा, उपसरपंच ऋषि वर्मा, भाजपा नेता अश्विनी जंघेल, घुमका मिडिया प्रभारी तोषण सिंह, अशोक दुबे, डेरहा वर्मा, गन्नू वर्मा, मकेश शान, राजेश शान, हर्षा सिंह के करकमलों से प्रभु श्रीराम जी की पूजा-अर्चना कर रामलीला का मंचन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में चंद्रेश वर्मा ने दशहरा उत्सव मनाने पहुंचे लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अहंकार रूपी रावण को मारकर अपन अंदर के रावण को भी मारकर मानव जीवन जीवन को सफल बनाए।

# विष्णु देव साय की डबल इंजन की सरकार ने जनता को महंगाई के नाम पर सिर्फ ठगने का काम कर रही है- रतन सिंगी पूर्व एल्डरमैन



खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश की डबल इंजन की सरकार की मंहगाई के बोझ में दबते जा रही है जनता। नगर पालिका परिषद के पूर्व एल्डरमैन रतन सिंगी ने कहा कि 2 साल में विष्णुदेव की डबल इंजन सरकार ने जनता को महंगाई के नाम में ठगने का काम किया।

एक तरफ पूर्व की कांग्रेस सरकार में 400 यूनिट तक बिजली हाफ योजना को बंद करते हुए जनता पर डबल बोझ डाला। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में रूपये 500 सिलेंडर देने का वादा किया गया था। परंतु आज 2 साल पूरे होने जा रहे हैं, भाजपा सरकार के उसके बाद भी रूपये 500 के सिलेंडर को तो छोड़िए लगातार गैस सिलेंडर के रेट में बढ़ोतरी हो रही है, पुनः 1 अक्टूबर से गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दी गई है। जबकि आने वाले समय में त्यौहार है, जिससे लोगों को महंगाई की डबल मार पड़ेगी, एक तरफ बचत उत्सव मनाने की बात कही जाती है, परंतु छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार लगातार महंगाई बढ़ाने का कार्य कर रही है,जनता महंगाई से परेशान हो चुकी है। ये है सुशासन भाजपा सरकार की।

# छात्रा के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ की होनहार छात्रा बहन तेजल निषाद पिता सुरेश निषाद व माता श्रीमती कुसुम निषाद केदारबाड़ी डोंगरगढ़ निवासी की 13 वर्षीय पुत्री जो कक्षा सातवीं में अध्यनरत थी। जिनका स्वास्थ्यगत कारणों से गत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। तेजल के निधन पर पूरे विद्यालय परिवार ने 2 मिनट का मौन धारणकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं गहरा दुख संवेदना प्रकट की गई। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, मीना गिरधर, नीलम चोपड़ा, सुशील जैन, प्रकाश गिरधर, प्रभाकर राव गिरधर, नारायण लाल अग्रवाल, सुरेश सोनी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, राजेंद्र जैन, गोपाल खेमुका, विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल निषाद एवं पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# जिपं अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने ग्राम पंचायत झिथराटोला में 10 लाख रुपए के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया

छुरिया (दावा)। विकासखंड के ग्राम पंचायत-झिथराटोला में 10 लाख रुपए के विकास कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव व जनपद पंचायत छुरिया सभापति श्रीमती उत्तरा निषाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ग्राम के विकास के लिए प्राधिकरण की राशि से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव के प्रयास से लगभग 7.20 लाख रुपए के लागत से सी.सी.रोड निर्माण व जनपद सदस्य की निधि से लगभग 3 लाख रुपए के लागत से नाली निर्माण का भूमिपूजन किया गया। साथ ही इस अवसर पर हेमंत कुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत झिथराटोला, डारेल कंवर उपसरपंच, समस्त पंचगण, ग्राम पटेल रमेश नेति, ग्राम अध्यक्ष पतिराम साहू, कनस राम साहू, पद्दुम साहू, मोहन साहू, राजकुमार साहू भी उपस्थित रहे। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु का सुशासन है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ संवर रहा है। निश्चित रूप से गांव के विकास के लिए हम सभी मिलजुलकर निरंतन सभी के सहयोग से प्रयास करें।

# छत्तीसगढ़ का कस्टम मिलिंग घोटाला: ईओडब्ल्यू ने अनिल टुटेजा-अनवर ढेबर के खिलाफ 1500 पन्नों का चालान किया पेश

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ में कस्टम मिलिंग घोटाले मामले में ईओडब्ल्यू ने अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर के खिलाफ 1500 पन्नों का चालान पेश किया। जिसमें उन्होंने बताया है कि, कैसे इन्होने षडयंत्रपूर्वक कस्टम मिलिंग स्कैम में राईस मिलरों से अवैध वसूली की।



एजेंसी ने बताया कि, दोनों आरोपियों के खिलाफ विरूद्ध भा.द.वि. की धारा 120बी, 384 एवं 409 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (यथा संशोधित भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018) की धारा 11, 13 (1) (क), 13(2) के अंतर्गत विशेष न्यायालय (भ्र.नि.अ.) में 1500 पेज का अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। दोनों आरोपी केन्द्रीय जेल रायपुर में निरूद्ध हैं। पूर्व में फरवरी 2025 में रोशन चन्द्राकर एवं मनोज सोनी के खिलाफ ईओडब्ल्यू के द्वारा कस्टम मिलिंग स्कैम में प्रथम चालान प्रस्तुत किया गया था।

### अवैध वसूली से मिले 20 करोड़ रुपए

अनिल टुटेजा द्वारा प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ प्रारंभ से आपराधिक षडयंत्रपूर्वक कस्टम मिलिंग स्कैम में राईस मिलरों से अवैध वसूली की गई है। इस अवैध वसूली से असम्यक लाभ कम से कम 20 करोड़ रूपये भी प्राप्त किया गया है। राईस मिलरों से अवैध वसूली करने हेतु मार्कफेड के जिला विपणन अधिकारियों पर दबाव बनाकर राईस मिलरों का बिल लंबित रखा जाता था, जिससे कि राईस मिलर दबाव में आकर 20 रू. प्रति क्विंटल की दर से अवैध धनराशि देते थे।

### छापे में मिले डिजिटल साक्ष्य

अनवर ढेबर वर्ष 2022-23 में राजनीतिक रूप से प्रभावशील व्यक्ति थे। आयकर विभाग के छापे के दौरान प्राप्त डिजिटल साक्ष्यों से इस बात के प्रमाण मिले हैं कि वह न केवल शराब घोटाले बल्कि तत्कालीन शासन के अन्य महत्वपूर्ण विभागों जैसे-पीडब्ल्यूडी, वन विभाग पर भी गहरा एवं प्रत्यक्ष प्रभाव डालते थे। अनवर ढेबर के द्वारा कस्टम मिलिंग स्कैम में अनिल टुटेजा के लिये राईस मिलरों से की गई अवैध वसूली का संग्रहण, व्यय, निवेश एवं उपभोग किया गया है। प्रकरण में रामगोपाल अग्रवाल एवं अन्य आरोपियों के विरूद्ध विवेचना जारी है।

# पंडरीपथरा में साहू सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन



### खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने दी विकास कार्य की सौगात

जोंधरा (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू ने 6 अक्टूबर को छुरिया विकासखंड के ग्राम पंडरीपथरा पहुंचकर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक श्री साहू ने विधिवत पूजा अर्चना की और क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने साहू सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर समस्त ग्रामवासियों एवं साहू समाज को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक श्री साहू ने अतिथियों के आत्मीय स्वागत और उत्साहपूर्वक भेंट के लिए समस्त ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजू सिन्हा (कार्यकारिणी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, छुरिया), श्रीमती चंद्रिका वर्मा (जनपद सदस्य), प्रताप धावड़े (सेक्टर प्रभारी), श्रीमती राजकुमारी सिन्हा (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, छुरिया), कुमार साय (समाजसेवी), श्रीमती बेद बाई पोर्ते (सरपंच), अश्विनी कलीयारे, गैसराम साहू, प्रेमलाल साहू, केवल राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जागेश्वर दास साहू बने तहसील साहू संघ मोहला के अध्यक्ष

### सामाजिक एकता और संगठन को मजबूत बनाने का लिया निर्णय



मोहला (दावा)। तहसील साहू संघ मोहला का चुनाव सामाजिक एकता और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ, जिसमें समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। निर्वाचन अधिकारी मधुराम साहू, मानिकराम साहू, जी.डी. साहू की देखरेख में हुए इस चुनाव में सर्वसम्मति से जागेश्वरदास साहू (भोजटोला) को तहसील साहू संघ मोहला का नवनिर्वाचित अध्यक्ष चुना गया।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष किशोर साहू सचिव शेषराम सार्वा, गनपतदास साहू, दिनेश कुमार साहू, आर.डी.साहू सहित अनेक समाजजनों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में जिला साहू संघ के अध्यक्ष मदनलाल साहू और जिला महामंत्री मोहनलाल साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### चुनाव में निम्न पदाधिकारी निर्वाचित हुए

अध्यक्ष- जागेश्वर दास साहू (भोजटोला), संगठन सचिव- भीखम साहू (घावड़ेटोला), उपाध्यक्ष- रोहित साहू (ढुटीटोला) एवं लता साव (मोहला), संगठन सचिव महिला- शांति बाई साहू (घावड़ेटोला), मंडल अध्यक्ष- रेवाराम साहू (मोहला मंडल), संतराम साहू (मारी मंडल), दुर्योधन साहू (मोहभट्ठा मंडल), दयालु राम पटेल (चमर्राटोला मंडल), दिलीप साहू (बिरझुटोला मंडल) कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि यह चुनाव समाज में नई ऊर्जा और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज सेवा को प्राथमिकता देते हुए एकजुटता, शिक्षा और युवा सशक्तिकरण के लिए काम करने का निर्णय लिया गया। अंत में उपस्थित सभी तहसील व जिला पदाधिकारियों, समाज प्रमुखों तथा सदस्यों ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। यह जानकारी मोहला से योगेन्द्र सिंगने ने दी।

# ज्ञान, विद्या, बुद्धि, कला और संगीत की देवी माँ सरस्वती-संजय सिन्हा

छुरिया (दावा)। छुरिया विकासखंड के वनांचल के ग्राम केशोटोला में बाल युवा शारदा समिति द्वारा सरस्वती मां विराजित कर ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए कुलहारदोह का छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का आयोजन रखा था। इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया उपस्थित रहे। श्री सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मां सरस्वती की आराधना ज्ञान, बुद्धि देवी का पर्व है। यह पूजा विशेष रूप से वसंत पंचमी के दिन मनाई जाती है। विद्यार्थी, शिक्षक, कलाकार और ज्ञान-सेवा से जुड़े लोग इस दिन देवी सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। पूजन स्थल को स्वच्छ कर उस पर माँ सरस्वती की प्रतिमा या चित्र स्थापित करना चाहिए। देवी मां को प्रसन्न करने के लिए पीले या सफेद पुष्प, अक्षत, दीपक, धूप, फल और नैवेद्य अर्पित करना चाहिए। माँ सरस्वती के समक्ष वीणा, पुस्तक, कलम और श्वेत वस्त्र रखकर उन्हें अर्पित करें। ज्ञान की प्राप्ति यह पूजा हमें सच्चे ज्ञान, बुद्धि और विवेक की शक्ति प्रदान करती है। अविद्या का नाशः माँ सरस्वती की कृपा से अज्ञान और भ्रम दूर होते हैं। यह दिन विद्यार्थियों के लिए अध्ययन और सफलता की प्रेरणा देता है। कलाकार और संगीतकार अपने कार्य में सिद्धि के लिए माँ सरस्वती की आराधना करते हैं।




### बाल युवा शारदा समिति ने किया जनपद अध्यक्ष का सम्मान

आध्यात्मिक शुद्धि के लिए यह पूजा मन और वाणी को पवित्र बनाती है। जिससे जीवन में संतुलन और शांति आती है। सरस्वती पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और संस्कृति का उत्सव है। यह हमें सिखाती है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्या प्राप्त करना नहीं, बल्कि उसे समाज के कल्याण में लगाना भी है। इस अवसर पर मुख्यरूप से श्रीमती भानबाई मंडावी सदस्य जनपद पंचायत छुरिया, अंजु धनकर सरपंच, ईश्वर मंडावी, प्रीतम साहू, शीशपाल सलामे सहित समूह की महिलाएं व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# शासकीय पोष्ट मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास राजनांदगांव में छात्र संघ शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पोष्ट मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव में रविवार 5 अक्टूबर को छात्रावास के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति छग के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख ने छात्र संघ के अध्यक्ष कैरल्स कोठारी सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईपीएस आरएस नायक ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में छात्रावास के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं जनसंपर्क अधिकारी जिला बालोद चंद्रेश ठाकुर, पुरूषोत्तम गांधी, जिला पटवारी संघ मोहला-मानपुर के अध्यक्ष लखन सोरी सहित छात्रावास के भूतपूर्व अध्यक्ष बिट्टू कोमरे, मनोज पिस्दा, नंद किशोर धुर्वे, मनोज चंद्रवंशी के अलावा बड़ी संख्या में छात्रावास के भूतपूर्व एवं वर्तमान बैच के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।



### मुख्य अतिथि खूबचंद पारख ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

इस अवसर पर मुख्य अतिथि खूबचंद पारख ने छात्र संघ के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थी जीवन को व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखण्ड बताते हुए इसके प्रत्येक पलों का सदुपयोग करने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों में निहित असीमित प्रतिभा एवं ऊर्जा का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी काम असंभव नही है। बस आवश्यकता है दृढ़ ईच्छा शक्ति एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आरएस नायक ने विद्यार्थी जीवन की महत्ता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इस कालखण्ड को व्यक्ति के जीवन का स्वर्णीम अध्याय बताया। श्री नायक ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण कर उसे हासिल करने के लिए पूरे मनायोग से जुट जाने को कहा। विशिष्ठ अतिथि चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि राष्ट्र एवं समाज के नवनिर्माण में हमारे विद्यार्थियों की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने छात्रावासी जीवन के गौरवशाली विरासत एवं परपंरा पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान पीढ़ी को इसे अक्क्षुण बनाए रखने की अपील की। श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों को छात्रावास एवं आदिवासी समाज का ब्रांड अंबेसडर बताते हुए कड़ी मेहनत, त्याग, लगन से निरंतर ज्ञानार्जन कर जीवन में उपलब्धि हासिल करते हुए इस छात्रावास, अपने माता-पिता परिवार एवं समाज के सपने को साकार करने को कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लखन सोरी ने आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव को अविभाजित राजनांदगांव जिले के अग्रणी एवं प्रदेश के प्रमुख छात्रावास बताया है। उन्होंने कहा कि इस छात्रावास का अतीत अत्यंत गौरवमयी है। जिसका संरक्षण एवं संवर्धन करने की जिम्मोदारी हमारी वर्तमान पीढ़ी के ऊपर है। इस अवसर पर छात्रावास के उपाध्यक्ष विक्रम चंद्रवंशी, सचिव प्रफुल मण्डावी सहित सह सचिव टिकेश्वर मण्डावी, मुख्य सलाहकार चंद्रहास चंद्रवंशी सहित मनीष रावटे, इन्द्रजीत चंद्रवंशी, महेन्द्र कोरेटी, भगत कोमरे, हरिशंकर मण्डावी, नागेश भुआर्य, उपेन्द्र मण्डावी, आशीष हारमे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# ग्राम बेलरगोंदी को मिली विकास की सौगात



राजनांदगांव (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू ने आज 06.10.2025 को ग्राम बेलरगोंदी पहुंचकर क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों की सौगात दी। विधायक साहू ने ग्राम में सीसी रोड और शीतला सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक श्री साहू ने विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने ग्रामवासियों और आगंतुकों के सुगम आवागमन सुविधा के लिए सीसी रोड निर्माण तथा सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर समस्त ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक श्री साहू ने अतिथियों के आत्मीय स्वागत एवं उत्साहपूर्वक भेंट के लिए समस्त ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजू सिन्हा (कार्यकारिणी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, छुरिया), श्रीमती चंद्रिका वर्मा (जनपद सदस्य), लेखचंद वर्मा (जनपद प्रतिनिधि), प्रताप धावड़े (सेक्टर प्रभारी), ढालसिंग वर्मा, रोहित डहरिया, अहिल्या बाई, रितु बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## शेयर बाजार : सेंसेक्स 583 अंक उछलकर बंद

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार ने सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार, 6 अक्तूबर को शानदार बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स आखिर में 582.95 अंको की तेज बढ़ोतरी के बाद 81,790.12 के लेवल पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी भी सत्र के आखिर में 183.4 अंकों की तेजी के साथ 25,077.65 के लेवल पर बंद हुआ। बाजार में तेजी बैंक शेयरों में मजबूत खरीदारी और सकारात्मक वैश्विक संकेतों के चलते दर्ज की गई। मनीकंट्रोल के मुताबिक, निफ्टी में सबसे ज्यादा बढ़त मैक्स हेल्थकेयर, श्रीराम फाइनेंस, अपोलो हॉस्पिटल्स, टीसीएस, टेक महिंद्रा के शेयरों में देखने को मिली, जबकि टाटा स्टील, अदानी पोर्ट्स, पावर ग्रिड कॉर्प, आईटीसी और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट रही। खबर के मुताबिक, सेक्टरों में आईटी इंडेक्स 2 प्रतिशत, हेल्थकेयर इंडेक्स 1 प्रतिशत, प्राइवेट बैंक इंडेक्स 1.2 प्रतिशत, ऑयल एंड गैस इंडेक्स 0.7 प्रतिशत और पीएसयू बैंक इंडेक्स 0.4 प्रतिशत बढ़ा, जबकि मेटल, मीडिया और एफएमसीजी में 0.3-0.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.7 प्रतिशत बढ़ा, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।

## अमेरिका में छठे दिन भी रहा शटडाउन

नई दिल्ली। अमेरिका में संघीय सरकार के छह दिन से जारी च्शटडाउनज् को खत्म करने के लिए रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के बीच गतिरोध बना हुआ है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इसके कारण सरकारी कर्मचारियों की छंटनी शुरू हो चुकी है और उन्होंने डेमोक्रेट्स को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि शटडाउन के दौरान सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर बजट पर अधिक नियंत्रण पाया जा सकता है। जब राष्ट्रपति ट्रंप से पूछा गया कि संघीय कर्मचारियों को कब निकाला जाएगा, जैसा कि उन्होंने धमकी दी है, तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा, च्यह अभी हो रहा है और यह सब डेमोक्रेट्स की वजह से हो रहा है।ज्ज् उन्होंने कहा, च्डेमोक्रेट्स बहुत सारी नौकरियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।ज्ज् ट्रंप ने इस सवाल का जवाब देने से इनकार कर दिया कि किन एजेंसियों में कटौती की जाएगी।

अमेरिका में फिलहाल शटडाउन लागू है, जिसमें सरकारी वित्तपोषण पर रोक है। च्शटडाउनज् को खत्म करने के लिए संसद के दोनों सदनों, सीनेट और प्रतिनिधि सभा में सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी और विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच सहमति नहीं बन पाई है। डेमोक्रेटिक पार्टी स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी जारी रखने की मांग कर रही है, जबकि ट्रंप मौजूदा खर्च के स्तर बनाए रखना चाहते हैं। उनका तर्क है कि नौकरियों और परियोजनाओं पर खतरे के चलते डेमोक्रेट्स झुकेंगे। इस राजनीतिक टकराव के बीच अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी और महंगाई को लेकर चिंता बढ़ी है।

## प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने अपने पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। फ्रांस में बड़ी सियासी हलचल हुई है। प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति कार्यालय ने सेबेस्टियन के इस्तीफे की पुष्टि की है। लेकोर्नू ने एक दिन पहले ही अपने मंत्रिमंडल की घोषणा की थी और वह एक महीने से भी कम समय तक पद पर रहे। फ्रांसीसी राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने लेकोर्नू का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। लेकोर्नु अपने पूर्ववर्ती फ्रांस्वा बायरू की जगह एक साल में फ्रांस के चौथे प्रधानमंत्री बने थे।

लेकोर्नु द्वारा मंत्रियों के चयन की राजनीतिक हलकों में आलोचना की गई थी, विशेष रूप से पूर्व वित्त मंत्री ब्रूनो ले मायेर को रक्षा मंत्रालय में वापस लाने के उनके निर्णय की। अन्य प्रमुख पद पिछले मंत्रिमंडल से काफी हद तक अपरिवर्तित रहे, रूढ़िवादी ब्रूनो रिताइलो आंतरिक मंत्री बने रहे, जो पुलिस और आंतरिक सुरक्षा के प्रभारी थे, जीन-नोएल बारोत विदेश मंत्री जबकि गेराल्ड डर्मैनिन को न्याय मंत्रालय का प्रभार दिया गया था। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के विरोधियों ने तुरंत इस चौंकाने वाले इस्तीफे का फायदा उठाने की कोशिश की है और दक्षिणपंथी नेशनल रैली ने उनसे या तो नए चुनाव कराने या इस्तीफा देने का आह्वान किया है। वहीं, वामपंथी पार्टी फ्रांस अनबोड ने भी मैक्रों के इस्तीफे की मांग की है।

## विवादों में घिरा अमेरिकी चेस खिलाड़ी

नई दिल्ली। अमेरिका के स्टार चेस खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा काफी सुर्खियों में हैं. नाकामुरा ने यूएसए 1ह्व इंडिया चेकमेट टूर्नामेंट में जैसी हरकत की, वो खेल भावना के खिलाफ थी. नाकामुरा अपने दिखावटी जश्न के कारण विवादों में घिर गए हैं. नाकामुरा ने वर्ल्ड चैम्पियन डी गुकेश को हराने के बाद चेस बोर्ड से गुकेश के किंग को उठाया और उसे दर्शकों की ओर फेंक दिया. इस टूर्नामेंट में यूएसए ने भारत को 5-0 से हराया. हिकारू नाकामुरा की ये हरकत कई पूर्व चेस खिलाड़ियों को पसंद नहीं आई. पूर्व चेस वर्ल्ड चैम्पियन व्लादिमीर क्रैमनिक ने नाकामुरा के इस व्यवहार को पूरी तरह असम्मानजनक बताया. रूसी दिग्गज क्रैमनिक ने पर लिखा, %मुझे नहीं पता कि यह बचकाना और बेस्वाद काम क्यों किया गया. शायद इसका मकसद गुकेश को अपमानित करना नहीं था।

# बांग्लादेश ने पहली बार इस टीम का किया 3-0 से क्लीन स्वीप, नसुम अहमद को प्लेयर ऑफ द सीरीज



नई दिल्ली। बांग्लादेश ने तीसरे टी20 मैच में अफगानिस्तानी टीम को 6 विकेट से हरा दिया और इसी के साथ बांग्लादेश ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली। ऐसा पहली बार हुआ है, जब बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को तीन टी20 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया हो। पूरी सीरीज में अफगानिस्तानी टीम अपनी लय में नजर नहीं आई और अच्छा नहीं कर सकी।

### सैफ हसन ने लगाया बेहतरीन अर्धशतक

तीसरे टी20 मैच में अफगानिस्तानी टीम सिर्फ 143 रनों पर सिमट गई। टीम के लिए दरवेश रसूली ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। वहीं सेदिकुल्ला अटल के बल्ले से 28 रन निकले। बाद में बांग्लादेश ने टारगेट को आसानी से 18वें ओवर में ही चेज कर लिया। बांग्लादेशी टीम के लिए सैफ हसन सबसे बड़े हीरो साबित हुए हैं और उन्होंने 38 गेंदों में कुल 64 रन बनाए, जिसमें दो चौके और 7 छक्के शामिल रहे। उनके अलावा तंजीद हसन ने 33 रनों का योगदान दिया। इन प्लेयर्स की वजह से ही बांग्लादेश की टीम जीत दर्ज करने में सफल रही है।

### नसुम अहमद को मिला प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड


मैच में दमदार अर्धशतकीय पारी खेलने वाले सैफ हसन को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। वहीं पूरी सीरीज में अफगानिस्तानी बल्लेबाजों के लिए परेशानी का सबब बनने वाले नसुम अहमद को प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला है। उन्होंने सीरीज में कुल 5 विकेट चटकाए हैं।

### 8 अक्टूबर से खेली जाएगी वनडे सीरीज

बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहला टी20 मैच चार विकेट से अपने नाम किया था। इसके बाद दूसरा टी20 मैच टीम ने 2 विकेट से जीता था और सीरीज भी जीत कर ली थी। फिर तीसरे मैच में अफगानिस्तान के पास क्लीन स्वीप से बचने का मौका था, लेकिन टीम ऐसा नहीं कर पाई और मुकाबला 6 विकेट से हार गई। अब दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज 8 अक्टूबर से खेली जाएगी।

# पहला वर्ल्ड कप जीतने वाले खिलाड़ी ने दुनिया को कहा अलविदा

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर बर्नार्ड जूलियन का 75 साल की उम्र में त्रिनिदाद के उत्तरी शहर वालसेन में निधन हो गया। जूलियन 1975 में पहली बार वर्ल्ड कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम का हिस्सा थे। उन्होंने अपने करियर में 24 टेस्ट और 12 ह्रष्ठढ्ढ मैचों में कैरेबियाई टीम का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 68 विकेट जबकि बल्ले से 952 रनों का योगदान दिया।



जूलियन ने 1975 के पहले ह्रष्ठढ्ढ वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन किया था। श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने 4 विकेट लेकर 20 रन दिए, फिर सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट पर 27 रन की घातक गेंदबाजी की। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने 37 गेंदों पर 26 रन की उपयोगी पारी खेली थी। इस टूर्नामेंट ने उन्हें एक खतरनाक ऑलराउंडर के रूप में स्थापित किया, जो अपने लेफ्ट-आर्म सीमर, आक्रामक बल्लेबाजी और चुस्त फील्डिंग के लिए जाने जाते थे।

वेस्टइंडीज के महान कप्तान क्लाइव लॉयड ने उन्हें याद करते हुए कहा कि वो हमेशा अपना 100 प्रतिशत देते थे। बल्ले और गेंद दोनों से भरोसेमंद खिलाड़ी थे। उन्होंने हर मैच में अपना सब कुछ झोंक दिया। वह एक शानदार क्रिकेटर थे। जूलियन का टेस्ट करियर भी यादगार रहा।

# सूजी बेट्स ने बना दिया वर्ल्ड रिकार्ड, दुनिया में आज तक कोई नहीं कर सका ऐसा




नई दिल्ली। महिला विश्व कप 2025 में 6 अक्टूबर को सातवां मुकाबला न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जा रहा है. इस मैच में न्यूजीलैंड की खिलाड़ी सूजी बेट्स ने इतिहास रच दिया. वह दुनिया में बड़ा कारनामा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं. उनसे पहले ये कारनामा किसी भी खिलाड़ी ने नहीं किया था. लेकिन अब वह इस लिस्ट में पहली इकलौती खिलाड़ी बन गई हैं. सूजी बिना एक भी टेस्ट मैच खेले 350 इंटरनेशनल मैच खेलने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी बन गई हैं.

सूजी बेट्स बिना एक भी टेस्ट मैच खेले 350 इंटरनेशनल मैच खेलने वाली दुनिया की पहली खिलाड़ी बन गई हैं. इससे पहले ये कारनामा किसी भी खिलाड़ी ने नहीं किया था. साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं, उन्होंने अब तक बिना एक भी टेस्ट मैच खेले 308 इंटरनेशनल खेले हैं. इसके अलावा न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं. उन्होंने 300 भी 300 इंटरनेशनल खेले हैं.

# वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का अभियान 22 मेडल के साथ हुआ खत्म, ब्राजील ने किया टॉप

नई दिल्ली। थकान और पीठ दर्द से जूझते हुए भी भारत की धाविका सिमरन शर्मा ने हिम्मत और जुनून का परिचय देते हुए महिलाओं की 200 मीटर ञ्च12 स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता। उनके शानदार प्रदर्शन के साथ वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत ने रिकॉर्ड 22 मेडल (6 गोल्ड, 9 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज) के साथ अपना अभियान समाप्त किया। प्रतियोगिता के आखिरी दिन भारत ने तीन सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए।

उत्तर प्रदेश की 25 साल सिमरन शर्मा ने पिछले दो दिनों में अपनी छठी स्प्रिंट रेस दौड़ी और इसके बावजूद जोश में भरी नजर आईं। महिलाओं की ञ्च20 100 मीटर स्पर्धा में गोल्ड जीतने के बाद उन्होंने 200 मीटर में सिल्वर मेडल हासिल किया। उन्होंने 24.46 सेकेंड के समय के साथ एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया।




शुरुआत में वह तीसरे स्थान पर थीं, लेकिन वेनेजुएला की धाविका अलेजांद्रा पेरेज लोपेज के अयोग्य घोषित होने के बाद सिमरन को दूसरा स्थान मिला। उन्होंने कहा कि वह खुश हैं कि उन्होंने घरेलू प्रतियोगिता में दो मेडल जीते और एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा। ञ्च12 वर्ग दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए होता है, और सिमरन ने अपने गाइड उमर सैफी के साथ दौड़ लगाई। इससे पहले वह 2024 कोबे पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा का गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं।

प्रीति पाल की जज्बे भरी दौड़

महिलाओं की 100 मीटर ञ्च35 स्पर्धा में प्रीति पाल ने कठिन परिस्थितियों में मानसिक मजबूती का परिचय देते हुए सिल्वर मेडल जीता। शुरुआत में पिस्टल खराब होने के कारण उन्हें दो बार उमस भरे मौसम में दौड़ना पड़ा। दूसरी बार में उन्होंने 14.33 सेकेंड का समय निकालकर चीन की गुओ कियांकियांन (14.24 सेकेंड) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया।

भाला फेंक के एफ41 वर्ग में पेरिस पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नवदीप सिंह ने 45.46 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर जीता। ईरान के सादेघ बीट सयाह ने 48.86 मीटर फेंककर गोल्ड कब्जा किया। वहीं पुरुषों की 200 मीटर ञ्च44 स्पर्धा में संदीप ने 23.60 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत की मेडल संख्या में इजाफा किया। भारत ने कुल 22 मेडल जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मेडल टेबल में 10वां स्थान हासिल किया। अगर नवदीप सिंह और हाई जंपर प्रदीप कुमार अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहे होते, तो भारत आसानी से शीर्ष चार में जगह बना सकता था। मेडल टेबल में ब्राजील 44 मेडल (15 गोल्ड, 20 सिल्वर, 9 ब्रॉन्ज) के साथ शीर्ष पर रहा। चीन ने 52 मेडल (13 गोल्ड, 22 सिल्वर, 17 ब्रॉन्ज) के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

# चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार का हुआ ऐलान, मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन साकागुची

नई दिल्ली। वर्ष 2025 के नोबेल पुरस्कार की घोषणा सोमवार से शुरू हो गई है। इसकी शुरुआत स्टॉकहोम के कारोलिंस्का संस्थान में एक समिति द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में पुरस्कार की घोषणा के साथ हुई है। इस साल चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार मैरी ई. ब्रुनको, फ्रेड रामस्डेल और शिमोन साकागुची को दिया गया है। चिकित्सा के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार को आधिकारिक तौर पर च्फिजियोलॉजी या मेडिसिनज् का नोबेल पुरस्कार कहा जाता है। यह सम्मान 1901 से 2024 के बीच 115 बार 229 नोबेल पुरस्कार विजेताओं को प्रदान किया जा चुका है।



तीनें वैज्ञानिकों को च्पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंसज् से संबंधित उनकी खोजों के लिए इस साल का चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार देने की सोमवार को घोषणा की गई है। च्पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंसज् या परिधीय प्रतिरक्षा सहिष्णुता एक ऐसा तरीका है, जिससे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को अनियंत्रित होने और बाहरी आक्रमणकारियों के बजाय अपने ही ऊतकों पर हमला करने से रोकने में मदद मिलती है।

पिछले साल का पुरस्कार अमेरिकी नागरिक विक्टर एम्ब्रोस और गैरी रुवकुन को सूक्ष्म च्आरएनएज् (राइबोन्यूक्लिक एसिड) की खोज के लिए साझा रूप से दिया गया था। माइक्रो या सूक्ष्म आरएनए आनुवंशिक पदार्थ के सूक्ष्म कण होते हैं जो कोशिकाओं के अंदर चालू और बंद करने वाले स्विच के रूप में काम करते हैं और कोशिकाओं को क्या और कब करना है, यह नियंत्रित करने में मदद करते हैं। मंगलवार को भौतिकी, बुधवार को रसायन विज्ञान और बृहस्पतिवार को साहित्य के नोबेल पुरस्कारों के विजेताओं की घोषणा की जाएगी। नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र में नोबेल मेमोरियल पुरस्कार की घोषणा 13 अक्टूबर को की जाएगी। पुरस्कार समारोह 10 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा, जो इन पुरस्कारों की स्थापना करने वाले अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि है। नोबेल एक संपन्न स्वीडिश उद्योगपति और डायनामाइट के आविष्कारक थे।

# ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के बीच ऐतिहासिक रक्षा संधि

मेलबन। समझौते को लेकर पापुआ न्यू गिनी स्थित चीनी दूतावास ने एक बयान जारी किया था। उस बयान में चीन ने कहा कि द्विपक्षीय समझौता विशेष प्रकृति का नहीं होना चाहिए और न ही ये किसी संप्रभु देश को किसी भी कारण से किसी तीसरे देश के साथ सहयोग से प्रतिबंधित करना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के नेताओं ने सोमवार को ऐतिहासिक रक्षा संधि पर हस्ताक्षर कर दिए। इस रक्षा संधि के जरिए दोनों देश प्रशांत महासागर में चीन के दबदबे को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने इस समझौते को एक पारस्परिक रक्षा संधि बताया जो उनके रक्षा बलों और सैन्य कर्मियों के बीच एकीकरण करेगी।

# एशिया कप ट्रॉफी विवाद पर हरभजन सिंह का गुस्सा फूटा

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने मोहसिन नकवी पर जमकर निशाना साधा है। मोहसिन, जो भारत की एशिया कप 2025 ट्रॉफी लेकर भागने के बाद से लगातार विवादों में है।



उन्होंने ये ट्रॉफी विजेता भारतीय टीम को नहीं लौटाई, बल्कि वह यूएई बोर्ड में ट्रॉफी को हैंडओवर करके लाहौर चले गए। अब एशिया कप ट्रॉफी विवाद पर हरभजन सिंह का गुस्सा फूटा। उन्होंने मोहसिन को लेकर क्या कुछ कहा आइए जानते हैं।

दरअसल, 28 सितंबर 2025 को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत की पाकिस्तान पर एशिया कप फाइनल में पांच विकेट से जीत के बाद ट्रॉफी को विवाद खड़ा हुआ। ये विवाद तब हुआ जब एशियन क्रिकेट काउंसिलव की अगुआई वाली भारतीय टीम ने ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था।

प्रेजेंटेशन लगभग एक घंटे तक टलता रहा क्योंकि भारतीय टीम ने ट्रॉफी लेने से मना किया और नकवी स्टेज पर इंतजार करते रहे। हालांकि, नकवी अपने रुख से पीछे नहीं हटे और आखिर में समारोह बिना ट्रॉफी के ही समाप्त हुआ। शर्मा, तिलक वर्मा और कुलदीप यादव ने अपने-अपने अवॉर्ड तो ले लिए, लेकिन टीम इंडिया को ट्रॉफी नहीं मिली और उन्होंने बिना ट्रॉफी के जश्न मनाया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**बिहार में छठ के बाद दो चरणों में मतदान: 6.....**

जाने की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग द्वारा इस बार कई नई पहल की गई है। वहीं, इस बार राज्य के मतदाताओं को मतदान के चार दिन पहले ही वोटर पर्ची दे दी जाएगी। ताकि वे समय पर मतदान के लिए बूथ पर पहुंचे सकें। वहीं, उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में किसी भी बूथ को नहीं बदला जाएगा। पूर्व के चुनावों में विभिन्न कारणों से बूथों के स्थान में परिवर्तन किए जाते रहे थे, जो इस बार नहीं होगा। मंगलवार से सभी प्रवर्तन एजेंसियां सक्रिय हो जाएंगी और चुनाव संबंधी कार्रवाई शुरू हो जाएगी।

0 जंगलराज को फिर से आने से रोकने वाला है बिहार चुनाव- जेपी नड्डा

बिहार चुनाव की घोषणा का स्वागत करते हुए बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ने ट्वीट कर लिखा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है। यह देश व प्रदेश को विकास और सुशासन के पथ पर अग्रसर रखने का प्रमुख माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बिहार में NDA सरकार जनकल्याण और सुशासन का पर्याय बनी है। बिहार का यह चुनाव प्रदेश को विकास के रास्ते पर अनवरत ले जाने, घुसपैठिया मुक्त करने और जंगलराज को फिर से आने से रोकने का चुनाव है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि लोकतंत्र की जननी बिहार की पुण्यधरा की जनता इन विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी एवं NDA को अपना आशीर्वाद और प्रचंड मतों से समर्थन प्रदान करेगी।

0 बिहार की जनता विकास की राजनीति को चुनेगी- अमित शाह

बिहार चुनाव के ऐलान के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट करते हुए लिखा कि चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। लोकतंत्र के इस महापर्व के लिए समस्त बिहारवासियों को बधाई। मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने बिहार को जंगलराज से निकालकर विकास और सुशासन की नई दिशा दी है। आज बिहार, गरीब कल्याण के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा हर क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव का साक्षी बन रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि बिहार की जनता इस बार भी विकास की राजनीति को चुनेगी।

**सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई पर.....**

को सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति के पुनर्निर्माण और पुनः स्थापना के निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दिया था। इस याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने इसे प्रचार हित याचिका करार दिया था। तब चीफ जस्टिस गवई ने कहा, यह पूरी तरह से प्रचार हित याचिका है, जाइए और स्वयं भगवान से कुछ करने के लिए कहिए। यदि आप कह रहे हैं कि आप भगवान विष्णु के प्रबल भक्त हैं तो आप प्रार्थना कीजिए और थोड़ा ध्यान भी कीजिए।

**सीएम विष्णुदेव साय ने राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति....**

के गठन के रजत जयंती वर्ष के ऐतिहासिक अवसर पर 5 नवम्बर को नया रायपुर में आयोजित राज्योत्सव के समापन समारोह में शामिल होने के लिये न्यौता दिया। इस पर उपराष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ आने की सहमति दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव, सम्मान और अपार हर्ष का विषय है कि देश के उपराष्ट्रपति अपनी गरिमामयी उपस्थिति से राज्योत्सव के समापन समारोह को अविस्मरणीय बनाएंगे। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू एवं मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

**सुब्रत साहू को रेवेन्यु बोर्ड के....**

उन्हें अतिरिक्त प्रभार नहीं देना चाहिए। लेकिन उनके पास दो चार हो जाएंगे। जिसके चलते वे चेयरमैन रेवेंयु और प्रशासनिक एकेडमी हो जाएंगे। अधिकारियों को अनुसार प्रशासन एकेडमी का कार्यभार श्रीमती निहारिका बारिक और सोनमणी बोरा को भी दिये जाने की चर्चा है। रेवेंयु बोर्ड का चयेर मैन मुख्य सचिव के बाद दूसरे नंर पर रखा गया है। पूर्व में डीएस मिश्रा सीके खेतान रेवेंयु बोर्ड में पदस्थ किये गये थे। उन्होंने तहसीलदार कलेक्टर और कमीश्नर और लेंड रिकार्ड के फैसले को निरस्त कर दिया था जिससे पूरा सिस्टम हील गया था। इसलिए उन्हें रातोंरात हटा दिया गया । इसे राजकाज भी चालूभाषा में कहा जाता है।

**छत्तीसगढ़ की नदियों के नाम पर होगा.....**

के इस आग्रह का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश के हर कोने से योग्य युवाओं को सेना में जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पूरे प्रदेश में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन का आश्वासन दिया।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति के तहत रक्षा और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण को प्रोत्साहन देने की योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विज़न के अनुरूप है और इससे छत्तीसगढ़ में उच्च तकनीकी प्रशिक्षण, अनुसंधान और निजी निवेश के अवसर बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री साय ने बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अवगत कराया कि बिलासपुर में रक्षा मंत्रालय की भूमि है। इस भूमि को उन्होंने बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यहां रक्षा क्षेत्र से संबंधित विकासात्मक कार्य भी शुरू करने का आग्रह किया। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित रहे

**अमरेश मिश्रा, शुक्ला, गर्ग और....**

प्रणाली को लागू करने की कवायद चालू होते ही अब नये आईजी की भी पद स्थापना करने की कवायद शुरू हो गई है। वर्तमान में महासमुंद के एसपी प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। वहीं अब वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी पदोन्नत किया जाएगा। वर्तमान में आईजी बनने वाले की दौड़ में कई अधिकारी सक्रिय हो गये है। इनमें अजय यादव तथा अन्य अधिकारी है बताया जाता है कि आगामी पुलिस एसपी कांफ्रेंस के पश्चात यहां पर लिस्ट जारी हो जाएगी। जिसमें कई एसपी भी बदले जाएंगे। राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को मजबूत करने के लिए समय आईपीएस अधिकारियों की नई पदस्थापना की जाएगी।

**शराब घोटाला मामला: चैतन्य बघेल 13 अक्टूबर....**

उन्होंने अपनी रियल एस्टेट कंपनियों में किया। ईडी के अनुसार, इस धन से उनके प्रोजेक्ट्स में ठेकेदारों को नकद भुगतान किया गया और नकद बैंक ट्रांजैक्शन्स के जरिए इसे वैध दिखाने का प्रयास किया गया। जांच में यह भी पाया गया कि चैतन्य ने कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लों के साथ मिलकर एक रणनीति तैयार की थी। इस योजना के तहत विठ्ठलपुरम प्रोजेक्टर में ढिल्लों के कर्मचारियों के नाम पर फ्लैट खरीद का दिखावा किया गया, जिसके जरिए चैतन्य को लगभग 5 करोड़ रुपये की राशि अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त हुई। ईडी को बैंकिंग लेन-देन से जुड़े साक्ष्य भी मिले हैं, जो दिखाते हैं कि ढिल्लों को शराब सिंडिकेट से भुगतान प्राप्त हुए थे। फिलहाल चैतन्य बघेल रायपुर की जेल में न्यायिक हिरासत में हैं और मामले की अगली सुनवाई 8 अक्टूबर को होनी है, जिसमें जमानत पर फैसला लिया जाएगा। इस केस पर पूरे प्रदेश की नजरें टिकी हैं क्योंकि यह राज्य के सबसे बड़े आर्थिक घोटालों में से एक माना जा रहा है।

**छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला.....**

का जोखिम-आधारित निरीक्षण करने के लिए औषधि निरीक्षकों के दल गठित किए गए हैं। प्रदेश के सभी सहायक औषधि नियंत्रकों और औषधि निरीक्षकों को पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है कि वे सभी औषधि विक्रय संस्थानों का तत्काल निरीक्षण करें, ताकि एडवाइजरी के उल्लंघन की कोई संभावना न रहे। इसके साथ ही निजी फार्मेसियों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जा रहा है। इन कार्यवाहियों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों के संदर्भ में किसी भी प्रकार की दवाओं का अनुचित या असावधानीपूर्वक उपयोग पूर्णतः बंद हो। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे बिना चिकित्सकीय परामर्श के अपने बच्चों को कोई भी दवा न दें।

## दो और कफ सिरप में मिला जहरीला केमिकल, जांच में पाई गई गड़बड़ी

भोपाल। छिंदवाड़ा में बच्चों की संदिग्ध मौतों के बाद प्रदेश में खांसी की दवाओं की जांच का दायरा और भी बड़ा हो गया है। मध्यप्रदेश की फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा कराई गई नई जांच रिपोर्ट में दो और कफ सिरप- 'री-लाइफ' और 'रेस्पिफ्रेश टीआर' में खतरनाक रसायन डायएथिलीन ग्लायकॉल की मानक से कई गुना अधिक मात्रा पाई गई है। दोनों ही सिरप गुजरात में निर्मित हैं। यह वही रसायन है जो पहले से प्रतिबंधित तमिलनाडु निर्मित कोल्ड्रिफ सिरप में भी पाया गया था और जिसे बच्चों में किडनी फेल और न्यूरोलॉजिकल डैमेज जैसी घातक स्थितियों के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। 26 से 28 सितंबर 2025 के बीच छिंदवाड़ा में की गई औषधि निरीक्षण कार्रवाई के तहत 19 नमूने परीक्षण के लिए भेजे गए थे। सोमवार को आई रिपोर्ट में 4 सिरप असुरक्षित पाए गए।

# निवर्तमान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे को दी गई भावभीनी विदाई



राजनांदगांव (दावा)। निवर्तमान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे को केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर ज्वाइंट कमिश्नर टेक्सटाईल्स के पद पर नियुक्त होने पर आज उन्हें कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भावभीनी विदाई दी गई तथा नवपदस्थ कलेक्टर जितेन्द्र यादव का हार्दिक स्वागत किया गया। निवर्तमान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि लगभग पांच माह की अल्प अवधि में अनुशासन एवं टीम भावना के साथ सभी ने कार्य किया। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी में सभी से स्नेह एवं सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अच्छा कार्य किया गया। राजनांदगांव जिले की प्रशासनिक टीम बहुत अच्छी है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह की मंशा के अनुरूप लोकहित से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किए गए। नवनियुक्त कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव कार्य के प्रति मेहनती एवं समर्पित है। ऐसे कार्य जो प्रारंभ हो गए है, उन्हें परिणाम तक ले जाने का दायित्व उन पर रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने तत्परता एवं निष्ठा के साथ कार्य किया तथा इस छोटे से कार्यकाल को यादगार बनाया। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा वृहद अभियान चलाकर नागरिकों को जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र बनाया गया। राजनांदगांव जिले को माँ बम्लेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त है। डोंगरगढ़ में परिक्रमा पथ का शुभारंभ हो गया है। शिक्षा विभाग के सहयोग से नीट, जेईई के लिए कोचिंग प्रारंभ की गई है। एजुकेशन हब में प्रयास हास्टल प्रारंभ हो गया है। सिंचाई विभाग, खेल विभाग, शिक्षा विभाग, गृह निर्माण मंडल, कौशल विकास, दिग्विजय स्टेडियम में निर्माण कार्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्य को दिशा देने तथा निर्धारित लक्ष्य तक ले जाने के लिए कोशिश की गई।

नवपदस्थ कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने निवर्तमान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे को केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर ज्वाइंट कमिश्नर टेक्सटाईल्स के पद पर पदस्थ होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि निवर्तमान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कम अवधि में राजनांदगांव जिले में बहुत अच्छा कार्य किया है और आगे भी उनका मार्गदर्शन मिलता रहेगा। उन्होंने सभी से कहा कि शासन की योजनाओं के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए टीम अच्छा कार्य करें। उन्होंने कहा कि लोकहित के लिए टीम भावना के साथ सभी अच्छा कार्य करेंगे। एसडीएम डोंगरगांव आईएएस श्री एम भार्गव ने कार्यक्रम को संबोधित किया। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने निवर्तमान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के कार्यकाल में जल शक्ति अभियान, वृहद सेवा स्वास्थ्य शिविर व आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र शिविर एवं उनके योगदान के संबंध में जानकारी दी।

## मदन मंडावी अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुए



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रधान पाठक मदन मंडावी ग्रामीण अंचल में निवास करते हुए अपने कलम के माध्यम से विभिन्न विषयों में निरंतर काव्य एवं साहित्यिक लेखन के क्षेत्र में नए आयामों को स्पर्श कर रहे हैं। वर्तमान में शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल द्वारा आयोजित 'अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस कविता प्रतियोगिता' जिसमें 12,000 सम्मिलितों में से 250 प्रतिभाओं को उत्कृष्टता के आधार पर सम्मानित किया गया है। जिसमें श्री मदन मंडावी का भी चयन कर 'अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक रत्न मानद उपाधि सम्मान' से अलंकृत कर सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया है। यह आयोजन अनुवादकों और भाषा विशेषज्ञों के कार्य को सम्मानित कर विश्व भर में आपसी संवाद, सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

साथ ही इस वर्ष मदन मंडावी को राष्ट्रीय स्तर पर दि ग्राम टुडे की ओर से - 'शिक्षक रत्न सम्मान', 'हिन्दी सेवी सम्मान 2025, 'शक्ति विजय अलंकरण' प्रदान किया गया। अंतर्राष्ट्रीय साहित्य परिषद अजमेर (राजस्थान) से भी प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुके हैं। लखनऊ, उत्तर प्रदेश से 'स्वर्णिम साहित्य साक्षरता सम्मान', मुंशी प्रेमचंद सम्मान 2025, साहित्य उपासक सम्मान, स्वर्णिम साहित्य गौरव सम्मान शामिल है। ज्ञात हो कि मदन मंडावी ग्राम-ढारा, डोंगरगढ़ (छत्तीसगढ़)। जो हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में काव्य एवं साहित्य लेखन करते हैं। वर्तमान में साकेत साहित्य परिषद-सुरगी, छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग राजनांदगांव, साहित्य प्रवाह समिति-डोंगरगढ़ के सदस्य है।

## सुरगी हॉस्पिटल में कुष्ठ जागरुकता के लिए लिया शपथ



राजनांदगांव (दावा)। आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुरगी में कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन तथा खंड चिकित्सा अधिकारी घुमका के देखरेख में राजनांदगांव घुमका ब्लॉक कुष्ठ जागरूकता सप्ताह अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंदो में कुष्ठ के पहचान लक्षण उपचार संबंधी नारे लेखन किया जा रहा है।

कुष्ठ जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरगी कुष्ठ के प्रचार प्रसार किया गया नारे लेखन कुष्ठ लक्षण एवं उपचार के बारे में जानकारी दिया गया और कलेक्टर के संदेश वाचन पढ़ा गया एवं कुष्ठ मुक्त समाज बनाने की शपथ लिया गया।

शपथ लेते हुए कार्यक्रम में डॉ. तेजेंद्र वर्मा, श्रीमती श्वेता बंसोड़, मेघनाथ भूआर्य, हेमंत ठाकुर, आर. बाजपेयी, विनय राजपूत, प्रीतम ठाकुर, आर. कोर्राम, संजय सोनी, प्रीतेश सोनी, रविकांत चौबे, प्रकाश वर्मा,लोकेश श्रीवास, अमित पारधी, एस. शर्मा, एम.दुबे, सरिता निषाद, सपना सिन्हा, करिश्मा लहरे, ज्योति दास, लक्ष्मी देशमुख, बेबी शशि मेश्राम, यामिनी देशमुख, दीपचंद साहू, भगवती मंडावी, संतोष गोसाई सहित अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद अभिषेक सिंह स्वच्छता ग्रामसभा में पहुंचे ग्राम पंचायत भोथीपार खुर्द



राजनांदगांव (दावा)। 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर स्वच्छता ग्रामसभा ग्राम पंचायत भोथीपार खुर्द में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सम्मिलित होकर ग्रामवासियों को स्वच्छता संदेश के माध्यम से गांव का साफ-सफाई सामूहिक श्रमदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही अभिषेक सिंह ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी योजना बिजली बचत के तहत प्रधानमंत्री सूर्य योजना के बारे में ग्रामवासियों के विस्तार से जानकारी दिया गया।



अंबागढ़ चौकी (दावा)। आज जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी भाजपा के जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने प्रदेश भाजपा संगठन मंत्री पवन साय से सौजन्य मुलाकात कर संगठनात्मक चर्चा हुई।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम से बालक-बालिकाओं को प्रतिभा प्रस्तुत करने का मंच मिलता और उनकी कला निखरती है - किरण वैष्णव

छुरिया (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम-धनगांव व मानिकपुर में भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। श्रीमती वैष्णव गांव में विराजित मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जिला भाजपा पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, भाजपा मंडल कुमर्दा अध्यक्ष हिरदे राम देवांगन जी, जनपद सदस्य श्रीमती लक्ष्मी मंडावी, पूर्व कुमर्दा मंडल अध्यक्ष सुंदर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध चंद्राकर व महामंत्री कोमल सिन्हा, ग्राम के सरपंच पूनम साहू उपस्थित रहे।



ग्राम धनगांव व मानिकपुर में भव्य रिकार्डिंग डांस कार्यक्रम में शामिल हुई जिपं अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि गांव में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता के आयोजन से ग्राम के बालक बालिकाओं को अपने प्रतिभा प्रस्तुत करने का एक नया मंच मिलता है। जिससे उनकी कला निखरती है। जिससे वह आगे भी अपनी प्रतिभा प्रस्तुत कर सकते हैं। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने डांस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी कलाकारों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की व उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने गांव के विकास कार्य के लिए ग्राम मानिकपुर में सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की।व साथ ही ग्राम -धनगांव में मुक्तिधाम में शेड निर्माण व कला मंच में शेड निर्माण की घोषणा की। साथ ही श्रीमती वैष्णव ने कहा कि धनगांव ग्राम की पावन धरा को मैं प्रणाम करती हूं। भाजपा मंडल के दो पूर्व मंडल अध्यक्ष व वर्तमान मंडल अध्यक्ष इसी गांव से आते हैं। निश्चित रूप से गांव के विकास को हम सब मिलकर निरंतर प्रयास करेंगे। धीरे धीरे आपकी गांव का विकास की ओर और अग्रसर होगा। साथ ही इस अवसर पर रामलाल साहू, प्रकाश साहू, रामकुमार विश्वकर्मा, सांवतराम साहू, बिसौहाराम सिन्हा समेत आयोजन समिति के सदस्यगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बाहरी चीजों से जुड़ाव ही दुख का कारण है-मुनि वीरभद्र



चरित्र जीवन में ही असली सुख दुख में समाधान निकालना आसान है किंतु सुख में सावधान रहना मुश्किल

राजनांदगांव (दावा)। 'सारे व्यसनों को जीतने का एकमात्र उपाय है चारित्र जीवन। हम छोटे थे व्यसनमुक्त थे किंतु जैसे-जैसे बड़े होते गए हमें कुछ न कुछ व्यसन लगते गए। चारित्र जीवन हमें व्यसन से मुक्त करने के लिए है।' उक्त उद्गार प्रख्यात जैन संत श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आज जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में व्यक्त किये।

जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि मैं दुखी हूं तो दूसरों को दुख दूंगा और यदि सूखी हूं तो दूसरों को भी सुख देने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि बाहरी चीजों से जुड़ाव ही दुख का कारण है। बाहरी चीजों का उपयोग जितना कम से कम हो सके करो। साधु भी बाहरी चीजों का उपयोग इसलिए कम करते हैं। जब तक दुख है भीतर हिंसा करनी पड़ेगी। हिंसा को रोकने के लिए भीतर के दुख को बाहर निकालें। दुख में समाधान निकालना आसान है किंतु सुख में सावधान रहना मुश्किल है।

जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि जहां सुख दिखता है वहां पुरुषार्थ करने वाले कई पहुंच जाते हैं। ज्ञानियों का दृष्टिकोण आज तक हम समझ नहीं पाए। जितना काम ज्यादा है उतना ही आगे आनंद ज्यादा है। इन्होंने कहा कि चाहे जितनी भी प्रतिकूलता आ जाए साधु अपने जीवन में टिके रहता है। इसे ही चारित्र जीवन कहा जाता है। उन्होंने कहा कि सम्यक दर्शन तो जीवन में आते-जाते रहते हैं किंतु हम आत्मा के प्रति कभी जागृत नहीं हुए, हमें चारित्र जीवन के प्रति कभी लगाव नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यही भव है आत्मा के कल्याण करने का। हमें शरीर का ऑपरेशन करने वाला अच्छा लगता है तो फिर आत्मा का ऑपरेशन करने वाला भी अच्छा ही लगना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि चारित्र जीवन के लिए कल्पना जरूर करें और आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़े। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# कलार समाज के ढाई सौ अधिकारी कर्मचारियों का हुआ सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कलार समाज जिला इकाई राजनांदगांव के मार्गदर्शन में रविवार को माता बहादुर कलारिन सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान् में समाज के जिले भर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे अधिकारियों कर्मचारियों का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत थे, अध्यक्षता समाज के प्रांतीय अध्यक्ष युवराज सिन्हा ने की। बतौर विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष छुरिया संजय सिन्हा, जनपद अध्यक्ष डोंगरगढ़ श्रीमती लता सिन्हा, जिला पंचायत सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष राजनांदगांव श्रीमती अनिता डिगेन्द्र सिन्हा, पार्षद रवि सिन्हा, जिला संरक्षक ठाकुरराम सिन्हा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता बहादुर कलारिन तथा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवन से हुआ। पश्चात् जिला अध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना ने आयोजन के उद्देश्य और महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य समाज को शैक्षिक, सांस्कृतिक तथा आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के अलावा समाज के अधिकारियों कर्मचारियों को विश्वास में लेकर बौद्धिक सम्पदा का उपयोग कर समाज की दिशा दशा को सुधारकर सामाजिक एकता को मजबूत करना है। वहीं मुख्यअतिथि कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सभी समाज में शिक्षा, खासकर बालिका शिक्षा को लेकर जागरूकता आई है। उन्होंने शिक्षा के साथ संस्कारित समाज की भी कल्पना करते हुए कहा कि समाज व परिवारों में तेजी से नैतिक मूल्यों का अवमूल्यन हो रहा है, इसकी भी सभी को चिंता करने की आवश्यकता है।

श्री राजपूत ने समाज में हुनरमंद शिक्षा की ओर भी अधिकाधिक ध्यान देने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि सभी को नौकरी मिल जाये यह संभव नहीं है। इसलिए चाहे वह युवक हो या युवती, उच्च शिक्षा के साथ साथ रोजगारपरक शिक्षा की ओर भी सबको ध्यान देना चाहिये। उन्होंने राजनीतिक हल्कों में समाज को मिले विभिन्न पदों का जिक्र करते हुए कहा कि यह पहला मौका है, जब इतनी बड़ी संख्या में समाज के जनप्रतिनिधि चुनकर आये तथा उन्हें प्रमुख पदों पर बैठाया गया है। इसके पीछे समाज के लोगों की मेहनत के अलावा प्रमुख राजनीतिक पार्टी की सोच भी सकारात्मक रही है। उन्होनें आगामी दिनों में किसी प्रकार की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। प्रांतीय अध्यक्ष युवराज सिन्हा ने कहा कि सकारात्मक सोच और विशिष्ट उद्देश्यों को लेकर प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर तक विभिन्न प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। लेकिन बहुत कम ऐसे प्रकोष्ठ के संयोजक हैं, जो अपने दायित्वों को भलीभांति समझते हुए रचनात्मक और सृजनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। उन्होंने विशिष्ट कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला इकाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे अवश्य ही समाज में सकारात्मक संदेश जायेगा और अन्य जिले भी इसका अनुसरण करेंगे।

### लगभग 250 अधिकारी का किया गया सम्मान

कस्तुरबा महिला मंडल भवन में आयोजित गरिमामय तथा महती कार्यक्रम में माता बहादुर कलारिन सामाजिक कल्याण समिति के सौजन्य से विभिन्न शासकीय विभागों में विभिन्न पदों पर कार्यरत लगभग 250 अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इनमें पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित थे। इस कार्य में कल्याण समिति के संयोजक पूनाराम सिन्हा, सचिव रेसूलाल सिन्हा, ओमकुमार सिन्हा, बिसंभर सिन्हा, ताराचंद सिन्हा, दयाराम सिन्हा, गजेन्द्र सिन्हा, कामता प्रसाद सिन्हा, गौकरण सिन्हा, गजेन्द्र सिन्हा आदि का सहयोग सराहनीय रहा। समस्त अधिकारी कर्मचारियों को मूमेन्टो देकर सम्मानित किया गया, साथ ही सभी का कलार गमछा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महिला मंच अध्यक्ष श्रीमती निर्मला सिन्हा, श्रीमती चंद्रा सिन्हा, हंसा सिन्हा, जिला महामंत्री गंगाराम सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष पूनमचंद सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष बालकृष्ण सिन्हा, सोनकुमार सिन्हा, मोती सिन्हा, मंडलेश्वर नाथूराम सिन्हा, भागवत सिन्हा, प्यारेलाल सिन्हा, जयदीप सिन्हा, पवन सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा, गोकुल सिन्हा, गोपाल सिन्हा, विजय सिन्हा, सुनिता सिन्हा सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## शिवपुरी में बड़ी धूमधाम से दशहरा पर्व मनाया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी ग्राम शिवपुरी में बड़ी धूमधाम से दशहरा पर्व मनाया गया। बता दें कि ग्राम-शिवपुरी में नवरात्रि के नवमी के दिन पिछले 23 वर्षों से धूमधाम से दशहरा पर्व पर रामलीला का कार्यक्रम किया जा रहा है, जो कि दशहरा के व्यवस्थापक स्व. श्री रतन साहू द्वारा संचालन किया जाता था।

रामलीला में गांव के नवयुवक कलाकारों द्वारा किरदार निभाया जाता है। जिसमें श्रीराम दल में श्रीराम के किरदार में पुरुषोत्तम सोरी, लक्ष्मण-दिलेश्वर निषाद, हनुमान-चमन साहू, अंगद-अश्वन, सुग्रीव-अश्वन, जामवंत-नितेश ठाकुर, विभिषण-पिन्टु कंवर तथा रावण दल में लंकापति रावण के किरदार में पवन कंवर, मेघनाद- शिवा नेताम, कुंभकरण-हनी सिंह, सुषेन वैद्य-दुलेश चंद्रवंशी व सेनापति धनराज साहू व लक्की थे। सहयोगी बनवाली ठाकुर जी, खिलेश देवदास, युवराज साहू, रामगोपाल पटेल, अवधेश गंधर्व, जैन देवदास, रितेश रजक, दीपक कंवर, अविनाश यादव, उतरा सेन, राकु व ग्रामवासियों ने अपना पूरा सहयोग दिया।

## गाय संरक्षण-संवर्धन जागरुकता कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट राजनंदगांव द्वारा दिनांक एक अक्टुबर को स्टेट हाईस्कूल परिसर में गाय संरक्षण -संवर्धन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम चैरिटी के सदस्यों द्वारा गाय संरक्षण हेतु महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए गायों की रक्षा करने हेतु मार्गदर्शन दिये।

इसी कड़ी में चैरिटी के मार्गदर्शक ओम प्रकाश सहारे द्वारा गाय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गाय हमारी माता है उनकी संरक्षण-संवर्धन करना हमारा कर्तव्य है, परन्तु हम अपने कर्तव्य को भुल रहें हैं। हमारे सामने गाय झिल्ली और खड्डा खा रहीं हैं, ऐसे में गाय अच्छा दुध-गोबर दे नहीं सकती।

मानव जीवन में दुध-गोबर बहुत उपयोग हैं। इसलिए गाय को झिल्ली और खड्डा खाने से बचाना होगा और गाय को खाने में हरा चारा अच्छा दाना-पानी देना होगा, जिससे गाय अच्छा दुध-गोबर दे सकेंगी।

# आरोपों से मुक्त हुए छुरिया बीईओ प्रशांत चिरवर्तकर

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू ने छुरिया विकासखंड शिक्षाधिकारी प्रशांत चिरवर्तकर पर लगाए गए सभी आरोपों को आपसी गलतफहमी और आवेश में उठाया गया कदम बताते हुए वापस ले लिया है। उन्होंने बीईओ चिरवर्तकर को ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और शिक्षा के विकास के लिए समर्पित अधिकारी बताते हुए विभाग की बदनामी पर खेद जताया और माफी मांगी।

संगठन के प्रांत अध्यक्ष जाकेश साहू, उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू, पदाधिकारीगण तुलसीराम पटेल, पुरुषोत्तम शर्मा, भोज राम साहू, महेश्वर कोटपरिहा, बैजनाथ यादव, मनोहर लाल रजक, अभिनय त्रिपाठी, विजय शांडिल्य, नरेंद्र देवांगन, सीता यादव, त्रिवेणी साहू, जानकी रजक आदि ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छुरिया विकासखंड में शिक्षा विभाग में अच्छे कार्य हो रहे हैं। सभी शिक्षकों को समय पर वेतन मिल पा रहा है। स्थानीय समस्याओं का समय-समय पर बराबर समाधान हो रहा है। सभी स्कूल समय पर संचालित हो रहे हैं। छात्राओं को अच्छी एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिल रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार के मंशानुरूप छुरिया विकासखंड में कार्य हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ पंजीयन क्रमांक 122202595035 प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जाकेश साहू ने बताया कि विगत 22/10/2025 को उनके स्कूल में विकासखंड शिक्षाधिकारी प्रशांत चिरवर्तकर एक रुटीन चेकअप के तहत निरीक्षण में पहुंचे थे तथा कक्षा चौथी के छात्र छात्राओं का कापी चेक किया एवं पढ़ाई लिखाई से संबंधित कुछ खामियां पाई गई थी जिसे लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने नियमानुसार मुझे शो काज नोटिस जारी किया था। उक्त नोटिस जारी होने से मैं आवेश में आकर गुस्से के कारण विकासखंड शिक्षाधिकारी पर अनेक बिंदुओं में झूठे, मनगढ़ंत एवं गलत आरोप लगाए थे। इसके संबंध में मैं विकासखंड शिक्षाधिकारी एवं प्राथमिक शाला ग्वाल दंड के प्रधान पाठक लोकेश साहू पर कार्रवाई की मांग करते हुए, महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, केंद्रीय शिक्षामंत्री, राज्य के महामहिम राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं स्थानीय सांसद के नाम पर छुरिया तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा था। साथ ही विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञप्ति व बयान जारी किया था। चूंकि सारे आरोप मैं मुझे नोटिस जारी होने पर गुस्से व भावावेश में आकर किया था। जबकि वास्तविकता ये है कि मेरे द्वारा विकासखंड शिक्षाधिकारी प्रशांत चितवर्कर पर लगाए गए सारे आरोप असत्य, गलत एवं मनगढ़ंत है। जिसका कि मुझे खेद है। विकासखंड शिक्षाधिकारी द्वारा बारकोड के माध्यम से रिश्वत लेने, एरियर्स राशि सहित मेडिकल अवकाश व अर्जित अवकाश के लिए घूस लेने की बातें गलत एवं असत्य है। महिला शिक्षकों से दुर्व्यवहार का आरोप पूरी तरह असत्य एवं गलत है। विकासखंड शिक्षाधिकारी प्रशांत चितवर्कर एवं शिक्षक लोकेश साहू कोई बिजनेस पार्टनर नहीं है। छुरिया विकासखंड शिक्षा कार्यालय में किसी भी प्रकार का कोई भ्रष्टाचार नहीं है। मेरे द्वारा लगाए सारे आरोप से विभाग की छवि धूमिल हुई है व बदनामी हुई है ईसके लिए मैं स्वयं माफी मांगते हुए खेत व्यक्त करता हूं।



शिक्षक संघ अध्यक्ष ने मांगी माफी

## जिले में 87.9 मिमी बारिश हुई

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 7013.7 मिमी बारिश एवं औसत 1002 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 1065.9 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 976.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 1324.7 मिमी, घुमका तहसील में 817 मिमी, छुरिया तहसील में 830.2 मिमी, कुमरदा तहसील में 996.4 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 1003 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 1324.7 मिमी दर्ज की गई है।

# भूमि पुत्र व नेता पुत्र की पहचान कर पार्टी में मिलेगा आगे बढ़ने का मौका - सांपरा

## निष्ठावान, समर्पित नेतृत्व चयन ही संगठन सृजन का मूल उद्देश्य, जिला कांग्रेस होगा और अधिकार सपन्न



राजनांदगांव (दावा)। संगठन सृजन अभियान के तहत राजनांदगांव पहुंचे अभा कांग्रेस कमेटी के चरणजीत सिंह सांपरा ने सर्किट हाउस में एक पत्रकार वार्ता लेते हुए बताया कि अब पार्टी में भूमि पुत्र और नेता पुत्र की पहचान की जाएगी और पार्टी के दरी उठाने वाले झंडा उठाने से लेकर पार्टी के धरना आंदोलन में लाठी डंडा खाने वाले भूमि पुत्र कार्यकर्ताओं को पार्टी में सामने लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़कर काम करने वाले कार्यकर्ता पीछे रह जाते है और चुनाव में टिकट पाने से लेकर पार्टी संगठन में पद पाने के लिए नेता पुत्र सफल हो जाते हैं। अब ऐसा नहीं होगा। पार्टी में उन्हें स्थान मिलेगा।

बता दें कि कांग्रेस के श्री सांपरा के साथ पहुंचे सह-पर्यवेक्षक, विधायक संदीप साहू, पीसीसी उपाध्यक्ष वीरेश ठाकुर, महामंत्री शाहिद भाई, वरिष्ठ नेता धनेश पाटिला, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, शहर, कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण एवं शहर अध्यक्ष चयन हेतु शहर पहुंचे मुंबई कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री सांपरा ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा इस वर्ष को संगठन वर्ष घोषित किया गया है और संगठन वर्ष घोषित करने के साथ अनेक प्रोग्राम चल रहे हैं। जिसके तहत संगठन सृजन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में हो रहा है। संगठन सृजन के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी को और मजबूत बनाने के साथ-साथ जिला कांग्रेस कमेटी का नेतृत्व एक सच्चे, अच्छे एवं निष्ठावान व्यक्तित्व को देकर पार्टी को मजबूती प्रदान करना है।

### कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के कार्यो का होगा मूल्यांकन

प्रेसवार्ता में श्री सांपरा ने बताया कि बूथ, सेक्टर, जोन तक कांग्रेस को और मजबूत करने के लिए कार्य प्रारंभ है। नेतृत्व चयन में कार्यों का मूल्यांकन कर डीसीसी को और अधिकार संपन्न भी बनाना है और सीधे जनता से जुड़ाव के साथ-साथ जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी। संगठन सृजन के माध्यम से कांग्रेस धरातल में पहुंचकर आम जनता एवं सामाजिक संगठनों के साथ चर्चा कर संगठन सृजन की मुहिम में है। क्योंकि जिस प्रकार से आज भाजपा के ध्रुवीकरण नीति से देश में जातीय संघर्ष, राजनीतिक द्वेष की कगार पर है। संविधान खतरे में है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग जग जाहिर है और अधिनायक को समाप्त करने की मूल मंशा के साथ कांग्रेस अपना राजनीतिक धर्म का निर्वहन करने कृत संकल्पित है। संगठन सृजन के माध्यम से कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी के कार्यों का भी मूल्यांकन होगा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मूल भावना को ध्यान में रखते हुए संगठन सृजन के कार्यक्रम को संपादित किया जाना है। प्रेसवार्ता में उपरोक्तजनों सहित डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, कमलजीत पिंटू, पूर्व महापौर हेमा देशमुख,संयुक्त सचिव आफताब आलम, पंकज बांधव, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी कुतुबुद्दीन सोलंकी, गुलाब वर्मा, डॉ. थानेश्वर पाटिला, मेहूल मारु, सूर्यकांत जैन आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने किया कार्यभार ग्रहण



राजनांदगांव (दावा)। जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज अपराह्न कलेक्टोरेट पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। निवर्तमान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने नवपदस्थ कलेक्टर जितेन्द्र यादव को कार्यभार सौपा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जितेन्द्र यादव वर्ष 2019 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। कलेक्टर ने जिले में चल रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में चर्चा की। इस दौरान अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव, एसडीएम राजनांदगांव गौतम चंद पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गौतम पारख जीवनदीप समिति में सदस्य नामांकित हुए



राजनांदगांव (दावा)। जिला चिकित्सालय में नवगठित जीवनदीप समिति में 7 सदस्यों की नियुक्ति के बाद आठवें सदस्य का चयन प्रभारी मंत्री की अनुशंसा के बाद जिला कलेक्टर द्वारा पत्र जारी कर उन्हें साधारण सभा के सदस्य के रूप में नामांकित किया गया।

विदित हो शहर के गणमान्य सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाने वाले गौतम पारख लंबे समय से जिला चिकित्सालय में सेवा के रूप में अपना योगदान देते रहे है और एक लेखक के रूप में भी जाने जाते है। उनके जीव मात्र के दया से संबंधित ओत-प्रोत लेख और उनका प्रखर चिंतन कई बार समाचार पत्रों में प्रकाशित होता रहा है। देवानंद जैन स्कूल और समता मंच के माध्यम से समाज सेवा करने वाले गौतम पारख की इस मनोनयन से शहर के गणमान्य लोगों ने स्वागत किया है।

# शरद पूर्णिमा पर श्री सत्यनारायण मंदिर में हुआ भव्य दुग्धाभिषेक





राजनांदगांव (दावा)। शरद पूर्णिमा के पावन एवं धार्मिक अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर, कामठी लाईन में भक्तों द्वारा विशेष दुग्धाभिषेक का आयोजन किया गया। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित भगवान श्री सत्यनारायण, भगवान राधाकृष्ण और श्री लड्डूगोपाल का भक्तों ने उत्साहपूर्वक अभिषेक किया। इस दौरान लगभग 50 किलोग्राम दूध का उपयोग कर विधि-विधान से देवताओं का दुग्धाभिषेक संपन्न किया गया। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पुण्य लाभ अर्जित किया।

# नगर के व्यवसायी रतनलाल गोलछा ने ली जैन दीक्षा: जयपुर में हुआ कार्यक्रम; 73 वर्ष की आयु में दीक्षा ली



राजनांदगांव (दावा)। जिले के रहने वाले व्यवसायी रतनलाल गोलछा (73 साल) ने रविवार को जयपुर में जैन भगवती दीक्षा अंगीकार की। यह दीक्षा आचार्य प्रवर 1008 श्री विजयराज जी म.सा. के पावन सानिध्य में संपन्न हुई। रतनलाल गोलछा राजनांदगांव के कामठी लाइन में रहते हैं। उनके तीन पुत्र नवीन, अमित और सुमित हैं, जो प्रतिष्ठित फर्म अरिहंत कंप्यूटर का संचालन करते हैं।

दीक्षा समारोह नवकार भवन तिलक नगर, जयपुर में आयोजित हुआ। गोलछा अपने परिवारजनों के साथ शनिवार को ही आचार्य श्री के दर्शनार्थ जयपुर रवाना हुए थे। 5 अक्टूबर को आचार्य श्री से चर्चा और परिवार के सदस्यों की अनुमति के बाद उन्होंने दीक्षा अंगीकार करने का संकल्प लिया। आचार्य विजयराज जी म.सा. ने उन्हें दीक्षा की अनुमति प्रदान की और दोपहर में दीक्षा संपन्न कराने का 5 अक्टूबर को आचार्य श्री से चर्चा और परिवार के सदस्यों की अनुमति के बाद उन्होंने दीक्षा अंगीकार करने का संकल्प लिया। आचार्य विजयराज म.सा. ने उन्हें दीक्षा की अनुमति प्रदान की और दोपहर में दीक्षा संपन्न कराने का समय घोषित किया।

# सोमनी बाजार में झपटमारी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**आरोपियों से झपटमारी किये 700 रुपये एवं कपड़े जप्त**



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र सोमनी बाजार में झपटमारी करने वाले दो आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने उनके पास से झपटमारी के 700 रुपए व कपड़े जब्त किया है।

सोमनी थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त झपटमारी घटना के संबंध में प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि 4 अक्टूबर शनिवार को वह ग्राम सोमनी साप्ताहिक बाजार में कपड़ा का दुकान लगाई थी हल्की बारिश हो रही थी करीबन शाम 7.30 बजे दो लड़के आये और अचानक एक लड़का प्रार्थीया के साथ काम कर रहे सैय्यद बाबर शाह को धक्का- मुक्की कर दुकान में रखे जींस और कुर्ता कीमती करीबन 3000 रूपये को लेकर झपटकर भाग गया एवं दूसरा लड़का धक्का-मुक्की कर प्रार्थियां के पर्स को झपटकर भाग गया। पर्स में आधार कार्ड व नकदी करीबन 13000 रुपये रखा हुआ था कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। आरोपी भूषण निषाद से पूछताछ करने पर अपने दोस्त पूरन निषाद के साथ सोमनी बाजार अमृता निषाद के दुकान से कपड़ा एवं पर्स छिनकर भागना, पर्स में रखे 12000 रुपए को आपस में 6-6 हजार रुपए बांटना एवं कपड़े को सोमनी सांकरा रोड में फेंक देना बताये। पुलिस ने आरोपियों से झपटमारी के 700 रुपए एवं छीने हुए कपड़े को जप्त किया गया है। थाना प्रभारी श्री श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी भूषण निषाद उर्फ बाउ पिता भूपेन्द्र निषाद उम्र 21 सात ग्राम विरेशरभांठा ओपी अंजोरा व दूसरा आरोपी पूरन निषाद निता नेतराम निषाद उम्र 19 सात निवासी ग्राम मडियापार थाना बोरी जिला दुर्ग को गिरफ्तार कर न्यायालय में समक्ष पेश किया गया है।

# चाकू दिखाकर लोगों को डरा धमका रहे बदमाश को पुलिस ने धर दबोचा



राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के बीएनसी मिल राम मन्दिर के समीप आने जाने वाले को धारदार चाकू लेकर डराने-धमकाने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने उसके पास से लोहे का धारदार चाकू जप्त की है और उसे जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

कोतवाली थाना प्रभारी नंद किशोर गौतम ने बताया कि आरोपी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में भी चाकू लहराते हुए अपलोड किया था जबकि सोशल मीडिया पर धारदार हथियारों का प्रदर्शन, भय उत्पन्न करने वाली सामग्री पोस्ट करना दंडनीय अपराध है। आरोपी कृष्णा बंसोड़ पिता स्व. ईश्वर बंसोड़ उम्र 18 वर्ष 09 माह निवासी बख्तावर चाल गली नं. 1 तुलसीपुर को गिरफतार कर जेल भेज दिया गया है।

### घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी

रविवार 5 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिली कि घटना स्थल बीएनसी मिलचाल राम मंदिर के पास चबुतरा में कृष्णा बंसोड़ नामक व्यक्ति अपने हाथ में चाकू लेकर आने जाने वालों को डरा-धमका रहा है। उक्त सूचना पर मौका पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी कृष्णा बंसोड़ को पकड़ लिया गया। आरोपी के कब्जे से एक नग लोहे का धारदार चाकू जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत होना पाये जाने से धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक रिमांड प न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

# भौंरों के काटने से हुई मौत के मामले में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने जताया शोक



**प्रत्येक मृतक परिवार को 4 रूपए लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी**

राजनांदगांव (दावा)। बजरंगपुर नवागांव में हाल ही में भौंरों (ततैया) के काटने से एक युवक और एक महिला की दुखद मृत्यु हो जाने के बाद पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आज मृतक परिवारों के घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया और अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की। श्री सिंह ने शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना देते हुए बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने दोनों मृतक परिवारों को प्राकृतिक आपदा कोष से 4 रूपए लाख की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। यह राशि जल्द ही परिवारों को उपलब्ध कराई जाएगी।

# डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में डीपीएस राजनांदगांव में सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ



देश—विदेश की 63 टीमें उतरी मैदान में, मशाल रैली और रंगीन गुब्बारों से हुआ भव्य शुभारंभ

राजनांदगांव(दावा)। शौर्यपथ/दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव में सोमवार को सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 का भव्य शुभारंभ उत्साह और जोश के बीच हुआ। उद्घाटन समारोह में सैनिक कैडेटों द्वारा आयोजित प्रेरणादायी मशाल रैली और रंग-बिरंगे बैलून उड़ाने के साथ कार्यक्रम की शानदार शुरुआत हुई। पूरे परिसर में खिलाड़ियों एवं अतिथियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस वर्ष की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के अलावा दुबई, कुवैत, मस्कट और ओमान की टीमें भी हिस्सा ले रही हैं, जिससे आयोजन को अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप प्राप्त हुआ है। कुल 63 टीमों के बीच होने वाले मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखा गया।

मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डीपीएस के छात्र आज राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। खेल केवल शारीरिक कौशल का नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम वर्क और आत्मविश्वास का भी प्रतीक है। चेयरमैन सौरभ कोठारी ने शिक्षा और खेल के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया, वहीं सीबीएसई ऑब्जर्वर शैलेंद्र मोहन उपाध्याय ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता और अंतरराष्ट्रीय मित्रता की भावना को मजबूत बनाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय कोच राजेश्वर राव कालवा ने खिलाड़ियों को रणनीति, एकाग्रता और खेल भावना के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। विद्यालय की प्राचार्या ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता की रूपरेखा, नियमावली और सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी दी। यह आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम बना है। डीपीएस राजनांदगांव ने शिक्षा के साथ खेल क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करते हुए इस नेशनल चैंपियनशिप को सफल आयोजन का रूप दिया है। आने वाले दिनों में होने वाले रोमांचक मुकाबले खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए आकर्षण और प्रेरणा का केंद्र रहेंगे।


भूखंड बेचना है

खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड शांतिनगर गली क्रमांक -3 राजनांदगाव में MD ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।
अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।
नोट :- अलग-अलग साईज में भी भूखंड दिये जा सकते है।

आवश्यकता है
दैनिक अखबार में कार्य के लिए कुशल युवक-युवतियों की
* विज्ञापन मार्केटिंग
* कम्प्यूटर ऑपरेटर
* सिटी रिपोर्टर
संपर्क समय- प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक
संपर्क दैनिक दावा कार्यालय बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

शिव बोरवेल्स एण्ड पंप्स
नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमन्त साहू)
सभी प्रकार के सब-मर्सिबल पंप के विक्रेता...





दशहरा के शुभ अवसर पर विशेष छूट
नारी सुहाग में विश्वास का प्रतीक
थोक व चिल्हर विक्रेता (Less Then MRP)
चांदनी सुहाग भण्डार एवं जनरल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव (छग)
मो. - 9302435886,9827951560







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com